

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 208 शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, कृष्ण, अमावस्या, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


# भारत-जर्मनी: पीएम नरेंद्र मोदी ने जर्मन चांसलर से की बात

## दोनों देशों के बीच साझेदारी को लेकर सहमति बनी

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ हुई बातचीत को गर्मजोशी भरी और सार्थक बताया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत तकनीक समेत कई क्षेत्रों पर जोर दिया गया। आइए, विस्तार से जानते हैं कि भारत-जर्मनी की यह साझेदारी आने वाले समय में कितनी अहम साबित होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बातचीत को गर्मजोशी भरी और सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी अपने राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे कर रहे हैं। इस मौके पर दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों के बीच सहयोग को व्यापार और



निवेश से लेकर रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत तकनीक और प्रतिभाओं की आवाजाही जैसे अहम क्षेत्रों में आगे बढ़ाने पर जोर है।

पीएम मोदी ने जर्मनी को यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि जर्मनी वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत का महत्वपूर्ण और भरोसेमंद साझेदार है। भारत और जर्मनी के संबंध सिर्फ दो देशों के बीच सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके जरिए यूरोप के साथ भारत की व्यापक साझेदारी को भी मजबूती मिलती है। व्यापार, निवेश, रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के लिए अहम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी अपनी आगे की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करते रहेंगे। इसमें उन्नत तकनीक और प्रतिभाओं की आवाजाही जैसे नए और महत्वपूर्ण क्षेत्र भी शामिल हैं। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच यह साझेदारी भारत और जर्मनी के लोगों के हित में आगे बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही दोनों देश वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम जारी रखेंगे।

आर्थिक और व्यापारिक संबंध... साल 2024 में भारत और जर्मनी के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर से अधिक रहा। यह भारत और यूरोपीय संघ के कुल व्यापार का 25% से ज्यादा है। 2024-25 में जर्मनी भारत का 8वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जबकि 2024 में भारत जर्मनी का 23वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।

# यूपी: राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में 132 पदों पर होगी भर्ती

## 14 सितंबर से पांच अक्तूबर तक होंगे इसके आवेदन

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में (ज्येष्ठ अनुदेशक संवर्ग के) अंतर्गत




महानिदेशक दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ के विभिन्न प्रकार के 132 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए 14 सितंबर से पांच अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। जबकि शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन 12 अक्तूबर तक होंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने बृहस्पतिवार को इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

आयोग ने कहा है कि भर्ती के लिए पीईटी 2025 के आधार पर छात्रों को लिखित परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने पीईटी नंबर से भी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए उनके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, इसे सब्मिट करने से आवश्यक सूचनाएं भर जाएंगी। किसी भी तरह के आरक्षण आदि का लाभ लेने के लिए निर्धारित समय तक आवश्यक प्रमाणपत्र अभ्यर्थी प्राप्त कर लें।

आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया कि सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 25 रुपये शुल्क देना होगा। जबकि लिखित परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट होने पर अलग से शुल्क लिया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसका प्रिंट आउट जरूर ले लें। भर्ती के लिए 100 नंबर की 100 सवालों की लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा दो घंटे की होगी, इसमें माइनस मार्किंग भी होगी। आयोग ने परीक्षा का पाठ्यक्रम भी वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

## देश दुनिया

### राजधानी में फिर हुई जमकर बारिश, दिन में गर्मी के बाद बदला मौसम

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बंगाल की खाड़ी में बने नए मौसम तंत्र का असर बृहस्पतिवार को देखने को मिला। प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों, पूर्वांचल और तराई के जिलों में गरज चमक के साथ छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली। राजधानी लखनऊ समेत वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी, अमेठी आदि में छिटपुट बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार के लिए 49 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके असर से शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज चमक और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। तापमान में काई विशेष परिवर्तन के संकेत नहीं है।

### दलित अभियंताओं के उत्पीड़न के 20 मामले सीएम योगी को भेजेगा पावर आफिसर्स एसोसिएशन

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** पावर आफिसर्स एसोसिएशन की बृहस्पतिवार को फील्ड हॉस्टल में हुई बैठक में दलित अभियंताओं के उत्पीड़न के एक- एक मामले पर चर्चा की गई। अभियंताओं ने आक्रोश जताते हुए आरोप लगाया कि ऊर्जा प्रबंधन के अफसर जानबूझकर उत्पीड़न कर रहे हैं। इस दौरान दो साल में हुए दलित उत्पीड़न के 20 मामलों की तथ्यात्मक रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजने का फैसला लिया गया। लखनऊ के फील्ड हॉस्टल में प्रदेशभर से जुड़े दलित एवं पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने विभिन्न जिलों में हुई कार्रवाई पर चर्चा की। अभियंताओंने कहा कि किसी भी अभियंता पर वित्तीय अनियमितता का आरोप नहीं है। कुछ को मात्र 21 दिन के कार्यकाल के आधार पर निलंबित किया गया। जिन लोगों को निलंबित किया गया है उनकी पत्रावलियां सालभर बाद भी अंतिम निर्णय तक नहीं पहुंची है। उसे जानबूझकर लंबित रखा गया है। इतना ही नहीं दलित वर्ग के मुख्य अभियंताओं की पदोन्नति रोकी गई।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद छात्र को नोटिस, एसीपी निलंबित

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मामले में डीजीपी राजीव कृष्ण ने जांच का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 से 25 जुलाई के बीच जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल युवाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया था। चार सितंबर को छात्र को नोटिस जारी किया गया था, जिसे पांच सितंबर को वापस ले लिया गया। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के छात्र अक्षत त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद नोटिस जारी करने के मामले में नोएडा के एसीपी (कार्यपालक मजिस्ट्रेट-तृतीय) डॉ. रवि शंकर मिश्रा और एक दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भी कार्रवाई की जानकारी दी है। मामले की जांच के भी आदेश दिए हैं।

## यूपी: कौशल विकास मिशन के प्रमाण पत्र अब डिजीलॉकर पर, ऑनलाइन होगा सत्यापन

**एजेंसी न्यूज**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को अब अपने कौशल प्रमाणपत्र के लिए कागजी दस्तावेजों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मिशन ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी और डिजीलॉकर की व्यवस्था से अपना एकीकरण पूरा कर लिया है. अब प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उनके कौशल प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में उपलब्ध हो सकेंगे। इस व्यवस्था के तहत प्रमाणपत्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखा जाएगा। अभ्यर्थी अपने डिजीलॉकर अकाउंट के जरिए इन्हें कभी भी देख, डाउनलोड और जरूरत के अनुसार साझा कर सकेंगे। इससे प्रमाणपत्र खोने या खराब होने की समस्या भी नहीं रहेगी। इस पूरी प्रक्रिया को नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन और डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के सहयोग से पूरा किया गया है। इसके लिए संस्थागत पंजीकरण, डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था, प्रमाणपत्र के प्रारूप तैयार करने और अभ्यर्थियों के पुराने रिकॉर्ड को डिजिटल करने का काम पूरा किया जा चुका है। एम्प्लायर के लिए आसान होगा सत्यापनः अब कंपनियों और एम्प्लायर्स के लिए अभ्यर्थियों के दावों और सर्टिफिकेट्स की प्रामाणिकता जांचना बेहद आसान हो जाएगा। ऑनलाइन सत्यापन से नौकरी के दौरान डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन में लगने वाला समय बचेगा और फर्जी या जाली सर्टिफिकेट्स के इस्तेमाल पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया, डिजिटल प्रमाणपत्र की सुविधा से प्रशिक्षित युवाओं को अपने कौशल का प्रमाण देश में कहीं भी आसानी से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इससे रोजगार की प्रक्रिया भी अधिक सरल और पारदर्शी हो सकेगी।

## मस्जिद प्रकरण: मस्जिद प्रबंधन की रिट पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**एजेंसी न्यूज**

**सहारनपुर।** कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद ध्वस्तीकरण के मामले में शुक्रवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में सुनवाई होगी। रिट कॉज लिस्ट में लगी है। मामले की सुनवाई कोर्ट नंबर-9 में निर्धारित है। अब सभी की निगाहें पहले दिन होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। पांच सितंबर को कलक्ट्रेट स्थित मस्जिद पर दिए बेदखली के आदेश के बाद प्रशासन ने उसे ध्वस्त करा दिया था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद मस्जिद प्रबंधन कमेटी से लेकर विपक्षी नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इसके साथ ही जमीयत-ए-उलमा-हिंद के प्रतिनिधिमंडल ने भी अधिवक्ताओं से लेकर मस्जिद प्रबंधन कमेटी के सदस्यों से बात की थी। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों से भी मामले को लेकर गहन मंथन किया गया। इसके बाद मंगलवार को आठ सितंबर को मुतव्वली की ओर से हाईकोर्ट में रिट दाखिल की गई।

# ब्रिक्स सम्मेलन: राजधानी दिल्ली में उतरेंगे विदेशी मेहमान

## विमानों की पार्किंग के लिए तीन एयरपोर्ट तैयार

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा और हवाई




यातायात व्यवस्था मजबूत की जा रही है। इसके लिए विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और सुरक्षा एजेंसियों ने रीजनल पार्किंग और डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके तहत विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और राजनयिकों के वीवीआईपी विमानों की लैंडिंग, टेकऑफ और पार्किंग के लिए दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के राज्यों के एयरपोर्ट तैयार रखे जाएंगे।

जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का रनवे, टैक्सीवे और एप्रन (पार्किंग क्षेत्र) तैयार और टेस्टेड हैं। सूत्रों के मुताबिक, आपात स्थिति और अतिरिक्त विमानों की पार्किंग के लिए यहां 12 पार्किंग बे रिजर्व किए गए हैं। विदेशी मेहमानों के विमान दिल्ली में ही उतरेंगे। नोएडा एयरपोर्ट का इस्तेमाल खाली वीवीआईपी विमानों की सुरक्षित पार्किंग के लिए बैकअप के तौर पर किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात बढ़ने की स्थिति में आसपास के एयरबेस और एयरपोर्ट का भी इस्तेमाल किया जाएगा। हिंडन एयरबेस पर वीवीआईपी विमानों के लिए करीब दस पार्किंग बे रिजर्व किए गए हैं। वहीं, जयपुर और लखनऊ एयरपोर्ट को आपात डायवर्जन और अतिरिक्त विमानों की पार्किंग के लिए स्टैंडबाय रखा जाएगा।

## यूपी: गोंडा में विनोद साहनी की भाला घोंपकर हत्या

**एजेंसी न्यूज**

**गोंडा।** गोंडा में दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी विनोद कुमार साहनी पर रास्ते में दस लोगों ने हमला कर दिया। कांता और भाला से गंभीर चोट लगने के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। गोंडा में दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे व्यापारी विनोद कुमार साहनी (45) की बुधवार रात रास्ते में घेरकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में नामजद दस आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार हत्या के पीछे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की रंजिश सामने आई है। रेक्सड़िया मल्लाहन पुरवा गांव निवासी विनोद कुमार साहनी शाहपुर बाजार में बर्तन की दुकान चलाते थे। बुधवार रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे।

# बिहार में दर्दनाक हादसा: बाढ़ के गहरे पानी में समाए पांच लोग

## पांचों की हुई मौत; चार एक ही परिवार के निकले

**एजेंसी न्यूज**

**भागलपुर।** गंगा के बढ़े जलस्तर के बीच बाढ़ का पानी अब जानलेवा साबित हो रहा है। बाईपास थाना क्षेत्र के कोयली खुटहा गांव में सड़क पर जमा गहरे बाढ़ के पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर जमा बाढ़



के पानी में एक व्यक्ति गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरे लोग भी पानी में उतर गए। इसी दौरान एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में पांच लोग गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मंचों देवी, सोनाक्षी कुमारी, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार और अंशु प्रिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इनमें चार मृतक एक ही परिवार के हैं, जबकि एक पड़ोसी है। हादसे में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। उसका मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बाईपास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष, पंचायत के मुखिया समेत स्थानीय लोग भी मायागंज अस्पताल पहुंचे। एक साथ पांच लोगों की मौत की खबर से अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार मच गई।

# दिल्ली पीजी हादसा: एमसीडी का बड़ा एक्शन

## अवैध निर्माण पर आंखें मूंदने वाले तीन और इंजीनियर सस्पेंड

**एजेंसी न्यूज**

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में हुए इमारत ढहने के हादसे को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कड़ा कदम उठाया है। इस मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एमसीडी ने तीन और इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है।

एमसीडी द्वारा जारी किए गए एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि इन अधिकारियों पर क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ कोई ठोस कदम न उठाने और जानबूझकर निष्क्रियता बरतने का आरोप है।

अधिकारियों के मुताबिक, सत्य निकेतन में हुए इस गंभीर हादसे के बाद प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि ड्यूटी में कोताही बरतने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा न जाए। अवैध निर्माण पर आंखें मूंदने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी जानलेवा घटनाओं को रोका जा सके।

सत्य निकेतन हादसे के बाद दिल्ली में अनधिकृत निर्माण और खतरनाक इमारतों के खिलाफ एमसीडी का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। एमसीडी ने गुरुवार को सभी 12 जोनों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 41 संपत्तियों में ध्वस्तीकरण, जबकि 61 संपत्तियों को सील किया। इसके अलावा 32 कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ तीन संपत्तियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण आदेश भी जारी किए गए। उसने बुधवार को 75 व मंगलवार को 31 संपत्तियों के



खिलाफ कार्रवाई की थी।

एमसीडी के मुताबिक, कार्रवाई का दायरा केवल अनधिकृत निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि खतरनाक भवनों, संपत्तियों के दुरुपयोग और मास्टर प्लान दिल्ली (एमपीडी) और भवन उपविधियों के उल्लंघन को भी इसमें शामिल किया गया है। उसने ईस्ट जोन में खुरेजी खास, जगतपुरी और लक्ष्मी नगर में कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। वेस्ट जोन में पश्चिमपुरी और मादीपुर में पहली से तीसरी मंजिल तक रूफ पैनल काटे गए। सुभाष नगर में रूफ पैनल काटने के साथ चौथी मंजिल की छत पर बने टॉयलेट ब्लॉक को ध्वस्त किया गया। सोम बाजार रोड, विपिन गार्डन, उत्तम नगर में भूतल का रूफ पैनल तोड़ा गया। आकाश विहार, बक्करवाला रोड के पास एक संपत्ति को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

वहीं नंगली विहार में पहली मंजिल के रूफ पैनल और दो दीवारें और निहाल विहार, नांगलोई में चौथी मंजिल के दो स्लैब पैनल ध्वस्त किए गए। सेंट्रल जोन में मदनपुर खादर एक्सटेंशन स्थित जी+5 भवन पर भी कार्रवाई हुई। यहां पांचवीं मंजिल के चार पैनल काटने के बाद पूरी इमारत को सील कर दिया गया। एमसीडी ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत निर्माण, संपत्तियों के दुरुपयोग और खतरनाक संरचनाओं के खिलाफ अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

# इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी: लखनऊ से सऊदी जा रही थी उड़ान

## अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग, जांच में क्या मिला?

**एजेंसी न्यूज**




**नई दिल्ली।** लखनऊ से दम्माम जा रही इंडिगो की फ्लाइट में उस समय हड़कंप मच गया, जब विमान में बम होने की धमकी मिली। विमान में कुल 133 लोग सवार थे। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा को देखते हुए विमान को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू कर दी। इंडिगो की यह फ्लाइट लखनऊ से दम्माम के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान बम की धमकी सामने आई। सुरक्षा एजेंसियों को विमान के अंदर एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर बम की धमकी लिखी हुई थी। इसके बाद विमान को अहमदाबाद एयरपोर्ट की ओर मोड़ा गया और सुरक्षित तरीके से उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट में कुल 133 लोग सवार थे। धमकी मिलने के बाद यात्रियों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी गई। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विमान के उतरते ही सुरक्षा एजेंसियों ने जरूरी सुरक्षा प्रक्रिया शुरू की और धमकी से जुड़े टिश्यू पेपर को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल उपलब्ध जानकारी में विमान में बम मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियों को सिर्फ टिश्यू पेपर मिला है, जिस पर धमकी लिखी थी। इसके बाद पूरे मामले की जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह धमकी किसने और किस मकसद से लिखी थी। धमकी के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को जांच के लिए लिया। घटना के कारण यात्रियों और एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों में चिंता बढ़ गई। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियों की जांच के आधार पर ही यह साफ होगा कि धमकी वास्तविक थी या सिर्फ अफवाह फैलाने की कोशिश।

## एक नजर

### कस्बे में निशुल्क कौशल प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत, युवाओं को मिलेगा रोजगारपरक हुनर

**फतेहगंज पश्चिमी।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की पहल पर गुरुवार को कस्बे स्थित गीता पैलेस में 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस मौके पर ठाकुर अबोध सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि प्रदेश सरकार युवक-युवतियों को स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास से संबंधित कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर क्षेत्र के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण हासिल कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस केंद्र में प्रतिभागियों को ब्यूटीशियन, सिलाई-कढ़ाई और जरी के कार्य की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी, साथ ही हर प्रशिक्षणार्थी को 250 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार दोनों के अवसर मुहैया कराने में मददगार साबित होंगे।

# शिक्षक दिवस पर पांच शिक्षाविदों का सम्मान

**शिक्षा में योगदान के लिए मिला 'शिक्षक रत्न सम्मान', बदलती शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक की भूमिका पर हुई चर्चा**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ की ओर से रोटरी भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को 'शिक्षक रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित शिक्षाविदों को डिस्ट्रिक्ट की ओर से प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए।

सम्मानित होने वालों में नवीन कुमार शामिल रहे, जिन्होंने केंद्रीय विद्यालय में 33 वर्षों तक सेवाएं दी हैं और वर्तमान में फ्रीलांस टीचर ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में कार्य कर रहे हैं। डॉ. रितु शर्मा को भी सम्मानित किया गया। वह शिक्षाविद, मेंटर और राष्ट्रीय स्तर की एक्शन रिसर्च विशेषज्ञ हैं तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन में 22 वर्षों तक सेवाएं दे चुकी हैं। इसके अलावा डॉ. केबी त्रिपाठी, डायरेक्टर एवं सिविल सर्विसेज, अंकुरा निहलानी, प्रधानाचार्या व्यास वर्ल्ड स्कूल और अखिल कुमार, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता कॉम्पिटेंट पब्लिक स्कूल को भी शिक्षक रत्न सम्मान प्रदान किया गया। क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल ने कहा कि सम्मान के लिए शिक्षाविदों का चयन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, समर्पण और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में निभाई गई भूमिका को ध्यान में रखकर किया गया है। समारोह में सम्मानित शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते स्वरूप, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और वर्तमान दौर में शिक्षकों की बदलती जिम्मेदारियों पर विचार रखे। क्लब सदस्यों ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल किए, जिनके शिक्षाविदों ने प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक जवाब दिए। कार्यक्रम में डॉ. आईएस तोमर, रोहित जिंदल, शिशिर पांडे, चंद्र प्रकाश, घनश्याम खंडेलवाल, दिनेश खंडेलवाल, अनिल मनोहर, डॉ. रवि मेहरा, अंकुर बंसल, ध्रुव तिलक, डॉ. एसके भारद्वाज, अवध अग्रवाल, सचिन पांडे, मनोज सेठी, संदीप मेहरा, विवेक अग्रवाल, इंद्र मोहन सिंह मेहता, अनुपम कपूर, अचल कुमार, दिनेश गोयल, संजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजीव जैन, सुनील सोंधी, मुकेश खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## टैंक निरीक्षण: डीएम ने दिए सुरक्षा निर्देश

**मीरगंज।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मंगलवार को तहसील मीरगंज के ग्राम पहुंचा बुजुर्ग स्थित ओवरहेड टैंक का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बढ़ते जलस्तर और नदी के कटान से उत्पन्न संभावित खतरे का जायजा लिया। डीएम ने अधिकारियों को टैंक की सुरक्षा के लिए तत्काल प्रभावी सुरक्षात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील कटान वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और ओवरहेड टैंक की संरचनात्मक सुरक्षा का नियमित निरीक्षण कराने को कहा। कटान रोकने के लिए फ्लड फाइटिंग सहित अन्य सुरक्षात्मक उपाय समयबद्ध तरीके से कराने के निर्देश दिए, ताकि पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान सीडीओ देवयानी, एसडीएम निधि शुक्ला, सीओ अजय कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### अनिल को सीएसआईआर नेट में 57वीं रैंक



**बहेड़ी।** होनहार विरवान के होत चीकने पात, इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है, स्थानीय गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज में कार्यरत अनिल गंगवार ने। उन्होंने इसी साल जून महीने में आयोजित की गई सी एस आई आर नेट परीक्षा में आल इंडिया 57 वीं रैंक हासिल कर परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के लिए उन्होंने लाइफ साइंसेज विषय को चुना था। परीक्षा परिणाम तथा स्कोर बोर्ड के अनुसार उनका पर्सेंटाइल स्कोर 94 .248 रहा। अनिल गंगवार के पिता महेंद्र पाल और मां मुन्नी देवी तो बेटे की उपलब्धि पर गदगद हैं ही, संबंधित डिग्री कालेज स्टाफ ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। साथ ही क्षेत्र के युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणादायी कारनामा बताया है।

### सात लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला।** सिरौली थाना क्षेत्र के सुनरासी गांव में सात लाख रुपये की रंगदारी मांगने, धमकी देने और रास्ता रोकने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहन सिंह उर्फ नन्हे सिंह ने न्यायालय को बताया कि सुनरासी निवासी ओमेन्द्र यादव, सत्यकुमार उर्फ पप्पू और उरमान करीब तीन महीने से उसे परेशान और धमका रहे थे। आरोप है कि आरोपी उसकी जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली और खेती से होने वाली कमाई का हवाला देते हुए सात लाख रुपये रंगदारी मांग रहे थे। रकम न देने पर उसके और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 15 और 16 अगस्त को तीनों आरोपी एक राय होकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद जब वह घटना की शिकायत करने थाना सिरौली जाने लगा तो आरोपियों ने असलहों के साथ उसका रास्ता रोक दिया और उसे थाने नहीं जाने दिया। उसने पुलिस के उच्चाधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### नकब लगाकर घर से नकदी चोरी

**आंवला।** सिरौली के गांव जंगबाजपुर में बुधवार की रात चोरों ने नकब लगाकर एक घर से नकदी चोरी कर ली और फरार हो गए। पीडिता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आरिफ की पत्नी शायरा फातिमा ने पुलिस को बताया कि बीती रात चोरों ने मकान की पीछे की दिवार में नकब लगा लिया और घर में घुस आये। उन्होंने घर में रखी अलमारी के ताले और लॉक तोडकर 30 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोर घर का सारा सामान खंगालकर तितर-बितर कर गए। गुरुवार की सुबह सामान फैला देख उसे घटना की जानकारी हुई।

### दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र के ग्राम सलामतगंज में महिला के साथ कथित रूप से जबरन दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान हरपाल पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम सलामतगंज, मजरा दियोरिया अब्दुल्लागंज, थाना मीरगंज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने 8 सितंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 443/26, धारा 64(2)(m)/351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। 10 सितंबर की सुबह पुलिस को मिली सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक नितिन शिरोही के नेतृत्व में टीम ने आरोपी हरपाल को ग्राम मुरैठीलालपुर वाली पुलिया से कुछ दूरी पर करीब सुबह 8 :05 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बहगुल नदी में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त पीएम को भेजा शव

**शीशगढ़।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव पदमी व गुलड़िया कला के बीच वह रही बहगुल नदी में पेड़ के सहारे उतराते युवक के शव को ग्रामीणों ने देख उसकी सूचना गुलड़िया प्रधान के पी गंगवार को दी। सूचना पर पहुंचे प्रधान के पी गंगवार ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव लगभग 5 दिन पुराना बताया है। आस पास गांवों के लोगों से शव की शिनाख्त कराई गई। लेकिन किसी के द्वारा उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। थाना प्रभारी ने जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव कहीं दूर से बहकर आया होगा। जो नदी में पड़े पेड़ से रुक गया था। शव को शील कर पीएम को भेज दिया गया है।

# नंदी शव दफनाने में लापरवाही, ब्लॉक में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** मृत नंदी के निस्तारण में देरी का आरोप लगाकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता गुरुवार को मृत नंदी को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर मझगवां ब्लॉक परिसर ले गये और वहां जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या का समाधान कराने के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन समाप्त किया। इसके बाद नंदी के शव को ब्लॉक परिसर से बाहर ले जाकर दफना दिया गया।

बजरंग दल के जिला सहसंयोजक शिवांश शर्मा ने बताया कि ब्लॉक मझगवां की ग्राम पंचायत लोहारी के मजरा रघुवीरपुर में एक नंदी की मौत हो गई थी। कार्यकर्ताओं को तीन दिन से नंदी के मृत पड़े होने की सूचना मिल रही थी। इसकी जानकारी प्रशासन, वीडीओ और ग्राम प्रधान यशपाल को दी गई, लेकिन निस्तारण के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने गांव के कोटेदार की मदद से नंदी के शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर मझगवां ब्लॉक परिसर पहुंचाया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर एडीओ पंचायत अभय आर्य मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने बीडीओ मझगवां भगवान दास को मौके पर बुलाने की मांग की। इसी बीच एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा भी पहुंच गए। बाद में सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय, सप्लाई इंस्पेक्टर शिखा पांडेय, तहसीलदार अतुल सेन सिंह और बीडीओ भगवान दास भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी और समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। अधिकारियों ने जेसीबी बुलाकर नंदी को दफन करवाया। प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के प्रखंड उपाध्यक्ष विकास शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर, नगर गौरक्षक अमन गुप्ता, खंड अध्यक्ष संजय यादव, संजीव राजपूत, अंशु, अजय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि रघुवीरपुर में नंदी की मौत की सूचना मिलने के बाद उसे जेसीबी से दफनाने की तैयारी की जा रही थी। जेसीबी पहुंचने में कुछ देरी हुई। इसी बीच बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और असंतोष जताने लगे। ब्लॉक अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच गलतफहमी थी, जिसे बातचीत के माध्यम से दूर कर दिया गया। प्रशासन गोवंश संरक्षण के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है।

# जिला उद्योग केंद्र में घुसा बारिश का पानी, फाइलें हुईं नम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मूसलाधार बारिश के बीच जिला उद्योग केंद्र के कार्यालय में पानी भरने से कई फाइलें और कागजी दस्तावेज भीग गए। सामने आई तस्वीरों में कार्यालय के अंदर मेज पर फाइलों और कागजात का ढेर फैला दिखाई दे रहा है। कुछ कागज नमी के कारण मुड़े हुए नजर आए। घटना के बाद सरकारी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

जिला उद्योग केंद्र में एमएसएमई से जुड़े प्रोजेक्ट, ऋण आवेदन और विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित दस्तावेज रखे जाते हैं। हालांकि विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि बारिश में प्रभावित फाइलें महत्वपूर्ण या अति-उपयोगी रिकॉर्ड नहीं थीं। अधिकारियों के अनुसार ये पुरानी पत्राचार संबंधी फाइलें थीं, जिनका नियमित कामकाज में अब अधिक उपयोग नहीं होता। विभाग का कहना है कि वर्तमान में अधिकांश कार्य ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से किया जा रहा है और संबंधित डेटा डिजिटल रूप से सुरक्षित है। ऑफलाइन फाइलों का इस्तेमाल भी लगातार कम हो रहा है। इसलिए किसी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड या डेटा के नुकसान की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद घटना ने कार्यालय में कागजी रिकॉर्ड को बारिश और पानी से बचाने की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। भविष्य में महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाने की जरूरत है।

# आठ साल बाद धर्म परिवर्तन का आरोप, एसएसपी से गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र की युवती ने एक महिला पर करीब आठ वर्ष पहले बहला-फुसलाकर घर से ले जाने, मस्जिद में ले जाकर कलमा पढ़वाने और बाद में प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। उनके निर्देश पर किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार महिमा गुप्ता का वर्ष 2018 में पिता नरेश गुप्ता से विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान फरहा बेगम उर्फ लक्की उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। युवती का आरोप है कि उसे पिता के खिलाफ भड़काकर कुछ कागज तैयार कराए गए और बाद में मस्जिद ले जाकर कलमा पढ़वाया गया। इसके बाद कथित तौर पर उसका धर्म परिवर्तन कराया गया। महिमा के मुताबिक लंबे समय तक साथ रहने के बाद उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की गई। रक्षाबंधन पर कमरे में बंद कर मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है। अगले दिन मौका पाकर वह पिता के घर पहुंची। युवती का कहना है कि 29 अगस्त से वह पिता के साथ रह रही है। आरोप है कि इसके बाद भी फरहा बेगम उसे धमकी दे रही है। शिकायत में कई नंबरों से फोन कर पिता और बहन को जान से मरवाने, झूठे मुकदमे में फंसाने और तेजाब डालने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**शीशगढ़।** थाना शीशगढ़ पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर 18 वर्षीय युवती से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित हेमंत गंगवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित युवती को बहला-फुसलाकर अपने फार्महाउस ले गया था। बाद में उसे लखनऊ ले जाने की कोशिश के दौरान पीलीभीत स्टेशन पर जीआरपी की मदद से युवती को बरामद कर लिया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित की तलाश शुरू की थी। गुरुवार को उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह टीम के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मसीत तिराहे से आरोपित को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

# थाई मांगुर पर बड़ी कार्रवाई, दो क्विंटल मछली नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के पालन के खिलाफ मत्स्य विभाग और तहसील प्रशासन ने गुरुवार को ग्राम रईया नगला में संयुक्त रूप से औचक कार्रवाई की। सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पाण्डेय और एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला के निर्देशन में नायब तहसीलदार सिमरन मथानिया, मत्स्य निरीक्षक और पुलिस टीम ने गांव में जांच की। मजार के पास एक तालाब में प्रतिबंधित थाई मांगुर का पालन होता मिला। जांच में तालाब चांद बाबू का निजी होने की जानकारी सामने आई। करीब 2.5 बीघा क्षेत्रफल वाले तालाब में 250 से 300 ग्राम वजन की लगभग दो क्विंटल थाई मांगुर मछली पाई गई। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में मछलियों को तालाब से निकलवाकर मौके पर गड्ढा खुदवाकर उनका विनिष्टीकरण कराया गया। मत्स्य पालक को दोबारा प्रतिबंधित मछली का पालन मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सहायक निदेशक मत्स्य ने लोगों से थाई मांगुर के पालन, बिक्री, परिवहन और सेवन से बचने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह आक्रामक मांसाहारी प्रजाति स्थानीय जलीय पारिस्थितिकी और देशी मछलियों के लिए नुकसानदायक है।

## मोटर साइकिल चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**आंवला।** रेवती स्टेशन तिराहे पर पुलिस ने चोरी की स्प्लेण्डर प्रो मोटरसाइकिल समेत दो आरोपियों अमन दिवाकर और नक्षत्र उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए। दोनों न्यायालय भेजे गए।

# जीवन अनमोल, इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय


डा. विश्व विजय सिंह।


सीएचसी प्रभारी डा. विवेक सिंह।

**बहेड़ी।** जिस मानव जीवन को देवताओं ने भी दुर्लभ और अनमोल माना है तो फिर आखिर वे कौन से हालात पैदा हो जाते हैं कि कोई व्यक्ति अपने हाथों ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर हमने नगर के दो नामचीन चिकित्सक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा विवेक सिंह तथा डा. विश्व विजय सिंह से मुलाकात कर आत्महत्या जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा कर कारणों को समझने की कोशिश की। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के कुछ अंश!

**डा. विश्व विजय सिंह व डा. विवेक सिंह :** आत्महत्या व्यक्ति की कमजोरी नहीं है बल्कि इसके पीछे कोई गंभीर बीमारी, गहरा अवसाद, आर्थिक स्थिति का एकदम ढलान पर आ जाना, अत्यधिक नशा या पारिवारिक कलह मुख्य कारण माने जा सकते हैं। कुछ मामलों में तो इसे देखा, समझा जा सकता है पर कुछ वजहें सामने न आने से यह पता नहीं चल पाता है कि कौन आखिर क्या फैसला कर बैठा है। आत्महत्या जैसी घटनाओं पर विराम लग सके, इसके लिए हम सभी की यह जिम्मेदारी बन जाती कि कुछ चेतावनी संकेतों पर नजर रखी जाए। जैसे कोई व्यक्ति अब जीने का मन नहीं करने की बात कहे तो यह इशारा हो सकता है कि जिंदगी को लेकर उसके दिमाग में कुछ फितूर पल रहा है। ऐसे में उस व्यक्ति से बात कर उसकी हौसला अफ़ज़ाई तथा यथासंभव मदद को आगे आना हमारी जिम्मेदारी हो जानी चाहिए। डा विश्व विजय सिंह ने कहा कि युवाओं में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि किसी परीक्षा में मन मुताबिक परिणाम न आने, घर में किसी बुजुर्ग द्वारा डांट दिए जाने या फिर किसी कुसंगति में पड़ जाने के बाद उसके असर से भयभीत होकर कुछ युवा एकाकीपन अपनाकर अक्सर मौन हो जाते हैं जो बाद में अक्सर आत्महत्या का सबब बन जाते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि मामले की तह तक जाकर संबंधित का पहले मौन तुड़वाया जाए और फिर उसकी काउंसलिंग कराकर तथा जरूरी होने पर चिकित्सीय उपचार की व्यवस्था हो। सबसे जरूरी है कि संदेह के दायरे में आने वाले व्यक्ति को अपनी परेशानी परिजनों तथा मित्रों के साथ साझा करने के साथ ही उसे अकेलेपन से बचाने के प्रयास हों तो काफी हद तक इस गंभीर समस्या को खत्म किया जा सकता है। सम्मानित चिकित्सकों का कहना है कि हम सब अपनी अपनी जिम्मेदारी समझकर चेतावनी संकेतों के आधार पर अवसाद से किसी की कीमती जान न जाए, इसके पुण्य भागी ही नहीं तमाम परिवारों को उस असीम दुख मे टूट जाने से बचा सकते हैं।

## नवागत बीईओ का स्वागत, पुराने को विदाई

**मीरगंज।** शिक्षक संगठनों ने स्वागत-विदाई समारोह आयोजित कर नवागत बीईओ जगदीश कुमार का पुष्पगुच्छ व फूलमालाओं से स्वागत किया। वहीं बहेड़ी स्थानांतरित बीईओ अवनीश कुमार को भावभीनी विदाई दी। जगदीश कुमार दमखोदा से आए हैं। शिक्षकों ने उनके कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई। जगदीश कुमार ने बेहतर शैक्षिक गुणवत्ता के लिए विभाग और शिक्षकों में समन्वय जरूरी बताया। समारोह में रमेश मौर्य, सर्वेश गंगवार, मुकेश गंगवार समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।










## एक नजर

### गंगा स्नान के लिए रेलवे की सौगात, 11 और 26 सितंबर को चलेगी स्पेशल ट्रेन

बरेली। अमावस्या और पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए राजघाट–नरोरा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। अलीगढ़ जंक्शन से राजघाट–नरोरा के बीच ट्रेन संख्या 04187 अनारक्षित स्पेशल 11 और 26 सितंबर को चलेगी। ट्रेन अलीगढ़ से सुबह 5:40 बजे रवाना होकर विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के बाद 7:15 बजे राजघाट–नरोरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04188 सुबह 8:15 बजे राजघाट–नरोरा से चलकर 9:55 बजे अलीगढ़ जंक्शन पहुंचेगी। बरेली और आसपास के श्रद्धालु अलीगढ़ पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। बरेली स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं होगा। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले समय की पुष्टि करने की अपील की है। जानकारी के लिए 139 हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

# बरेली में 67 दरोगाओं के तबादले थानों से चौकियों तक बदली जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णय पर एसएसपी अनुराग आर्य ने जारी किया आदेश
- सभी अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती संभालने के निर्देश



बरेली। जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने 67 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णय के बाद जनहित, रिक्त पदों और अनुकम्पा के आधार पर यह स्थानांतरण किए गए हैं। आदेश जारी होते ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती पर रवाना होने के निर्देश दिए गए हैं।

तबादला सूची में रिजर्व पुलिस लाइन्स से बड़ी संख्या में दरोगाओं को अलग-अलग थानों और पुलिस शाखाओं में भेजा गया है। संजय कुमार को शीशगढ़, महिला उप निरीक्षक साक्षी को कैंट, विमलेश सिंह को सीबीगंज, पुष्पांजली शिशोदिया को प्रेमनगर, संदीप कुमार को यूपी-112, सचिन चौधरी को इज्जतनगर, शुभम चौधरी को फतेहगंज पूर्वी, सुनील तोमर को मीरगंज और शुभम सोम को प्रेमनगर भेजा गया है। इसके अलावा चन्द्रपाल सिंह को फतेहगंज पूर्वी, हरीश चन्द शर्मा को शेरगढ़, मनोज कुमार को फरीदपुर, मुकेश कुमार और सुमित कुमार को आंवला तथा रोहन राणा को भुता में तैनाती दी गई है। मनीष कुमार को अलीगंज में वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। रविराज पावड़िया, विजय कुमार, रोहित तोमर और हीरेन्द्र सिंह समेत कई उप निरीक्षकों को अलग-अलग चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आंवला, शाही, मीरगंज, भमौरा, शीशगढ़, बहेड़ी, भोजीपुरा, बारादरी, किला और बिथरी चैनपुर क्षेत्र में भी नई तैनाती की गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षकों की जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। सतीश कुमार को विशारतगंज, अनिल कुमार को फतेहगंज पूर्वी, असकर खान को भमौरा, विनोद कुमार को देवरनियां और राजेन्द्र सिंह को सिरौली भेजा गया है। महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती में भी बदलाव हुआ है। अंजना पाल को वन स्टॉप सेंटर-20, यशोदा रानी को परिवार परामर्श केंद्र परसाखेड़ा, अनीता कुमारी को बहेड़ी और गीता शर्मा को महिला थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को स्थानांतरित उप निरीक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त कर नई तैनाती पर भेजने और अनुपालन आख्या उसी दिन एसएसपी के गोपनीय कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# ऐप्जा सम्मेलन: बरेली में जुटे पदाधिकारी

- चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सार्थी ने तहसील स्तर के कार्यकर्ताओं से किया संवाद, अजय प्रताप सिंह को जिला महासचिव मनोनीत




जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 24 और 25 सितंबर 2026 को श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनके गृह जनपद मथुरा के दीनदयाल धाम में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संगठन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सार्थी ने बरेली जिले की सभी तहसीलों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान सम्मेलन की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ सम्मेलन को सफल बनाने में जुटने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन को जिला स्तर पर और मजबूत करने के लिए अजय प्रताप सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं। बरेली में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष अरविन्दर सिंह के साथ अजय प्रताप सिंह, राहुल सक्सेना, रजनीश श्रीवास्तव, रविन्द्र, कलीम उद्दीन, अवधेश शर्मा, प्रदीप सक्सेना, प्रवीण शर्मा, अरविन्दर सिंह कपूर आदि लोग उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन में बरेली से अधिक से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ संगठनात्मक तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा, संविदाकर्मी की सेवा खत्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए संविदा कर्मचारी कुलदीप की सेवा समाप्त कर दी गई है। वहीं सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने डॉ. एलके सक्सेना को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड से हटा दिया है। अब पिछले छह वर्षों में जारी किए गए दिव्यांग प्रमाणपत्रों की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि फर्जीवाड़े का नेटवर्क कहां तक फैला है। जांच में बरेली से कान संबंधी आठ फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा बदायूं में आंखों से संबंधित प्रमाणपत्रों में भी गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने तीन संदिग्ध प्रमाणपत्रों से संबंधित रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंप दी है। कुलदीप की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस उसे लेकर दोबारा सीएमओ कार्यालय पहुंची। टीम ने करीब दो घंटे तक दिव्यांग प्रमाणपत्र पटल के रिकॉर्ड खंगाले और कर्मचारियों से पूछताछ की। जांच के दौरान कंप्यूटर, हार्ड डिस्क और प्रिंटर को भी कब्जे में लिया गया है।

दिल्ली पुलिस अब छह साल के दौरान जारी प्रमाणपत्रों का रिकॉर्ड खंगाल रही है। आवेदन से लेकर मेडिकल परीक्षण, मेडिकल बोर्ड की संस्तुति, स्वीकृति और ऑनलाइन एंट्री तक की प्रक्रिया की पड़ताल की जा रही है। जांच का मकसद यह पता लगाना है कि फर्जी प्रमाणपत्र किस स्तर पर तैयार हुए और इसमें किन लोगों की भूमिका रही। कुलदीप से पूछताछ के आधार पर सीएमओ कार्यालय के दो बाबुओं की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। दिल्ली पुलिस उनके रिकॉर्ड और गतिविधियों की जांच कर रही है। जांच आगे बढ़ने पर कार्यालय के अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ हो सकती है। मामले की विभागीय जांच के लिए सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने समिति गठित कर दी है। समिति दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने की पूरी प्रक्रिया, मेडिकल बोर्ड, संबंधित पटल और कर्मचारियों की भूमिका की जांच करेगी। फिलहाल कुलदीप की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई है, जबकि डॉ. एलके सक्सेना को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड से हटा दिया गया है।

# कान्हा उपवन को लेकर गौ सेवकों का प्रदर्शन, 7 दिन का अल्टीमेटम

जागरण मोर्चा कार्यालय




- दामोदर स्वरूप पार्क से जिला मुख्यालय तक निकाला प्रदर्शन
- नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन; मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

बरेली। कान्हा उपवन गौशाला की कथित अव्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को गौ सेवकों और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया। कान्हा उपवन सेवा संघर्ष समिति के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग दामोदर स्वरूप पार्क में जुटे और गोवंश की मौत, सड़े चारे, इलाज में लापरवाही और पशु क्रूरता के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान गौ सेवकों ने 'गौ माता की जय', 'गौ माता का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' और 'दोषियों को सजा दो' समेत कई नारे लगाए। समिति पदाधिकारियों ने कान्हा उपवन में गोवंश की स्थिति की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। समिति के पंकज पाठक और हिमांशु पटेल ने कहा कि वर्ष 2019 से कान्हा उपवन में गोवंश की कथित दुर्दशा और लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है। उनका आरोप है कि चारे की गुणवत्ता, पर्याप्त भोजन और पशुओं के उपचार को लेकर गंभीर सवाल हैं। उन्होंने कहा कि यदि अनियमितता या इलाज में लापरवाही से गोवंश की मौत हुई है तो जिम्मेदारी तय कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। संघर्ष समिति ने प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि इस अवधि में मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ऋषि यादव और निर्दोष राठौर ने कहा कि बड़ी संख्या में गौ सेवक निस्वार्थ भाव से कान्हा उपवन में जाकर गोवंश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने प्रशासन और नगर निगम से नियमित प्रवेश, निरीक्षण और सेवा की अनुमति देने की मांग की। कहा कि अनुमति मिलने पर गौ सेवक अपने निजी संसाधनों से आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग करने को तैयार हैं और इसके बदले किसी तरह का मानदेय नहीं लेंगे। उनका उद्देश्य केवल गोवंश की सेवा करना है।

# 400 किलो की साहीवाल गाय की टूटी टांग जोड़ी, इंसानों वाली प्लेट से सफल सर्जरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बछिया के रूप में मिली थी, परिवार का हिस्सा बन गई**

संदीप कुमार सिंह के लिए यह सिर्फ गाय का इलाज नहीं था। उन्होंने बताया कि जब गाय छोटी बछिया थी, तब उसे छुट्टा घूमते देखा था। वह उसे अपने घर ले आए और तभी से उसकी देखभाल कर रहे हैं। धीरे-धीरे गाय परिवार का हिस्सा बन गई। गंभीर चोट के बाद भी उन्होंने इलाज की उम्मीद नहीं छोड़ी। अब गाय को दोबारा खड़ा और चलता देखकर परिवार बेहद खुश है। उन्होंने आईवीआरआई की वैज्ञानिक टीम का आभार जताया।

- आईवीआरआई वैज्ञानिकों का अनोखा प्रयोग, तीन जगह से टूटी थी हड्डी, दो सप्ताह बाद अपने पैरों पर खड़ी होकर चलने लगी गाय

बरेली। करीब चार क्विंटल वजन और पिछली टांग की तीन जगह से टूटी हड्डी...ऐसे जटिल मामले में पशु चिकित्सकों ने इलाज से हाथ खड़े कर दिए थे। इसके बाद आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने चुनौती स्वीकार की और हड्डी की जांच की टूटी हड्डी जोड़ने में इस्तेमाल होने वाली विशेष प्लेट से साहीवाल गाय की सफल सर्जरी कर दी। ऑपरेशन के दो सप्ताह बाद गाय अब अपने पैरों पर खड़ी हो रही है और चल भी रही है।

बदायूं के बिल्सी निवासी किसान संदीप कुमार सिंह की साहीवाल गाय पिछले महीने गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आईवीआरआई रेफरल पॉलीक्लिनिक में जांच के दौरान पता चला कि उसकी पिछली टांग की हड्डी तीन स्थानों से टूट चुकी है। करीब 400 किलो वजन होने के कारण सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी। स्थानीय पशु चिकित्सकों ने इलाज में असमर्थता जताई तो किसान गाय को लेकर आईवीआरआई पहुंचे। रेफरल पॉलीक्लिनिक के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार के मुताबिक बड़े पशुओं में फ्रेक्चर की सर्जरी आसान नहीं होती। पशुओं के लिए उपलब्ध प्लेट कई बार इतने अधिक वजन का दबाव नहीं झेल पातीं। ऐसे में वैज्ञानिकों ने इंसानों की जांघ की हड्डी के फ्रेक्चर में इस्तेमाल होने वाली विशेष प्लेट लगाने का निर्णय लिया। करीब चार घंटे चली सर्जरी में प्लेट को टूटी हड्डी पर सटीक तरीके से लगाया गया। ऑपरेशन के बाद सबसे बड़ी चुनौती गाय के 300 से 400 किलो वजन का दबाव इंप्लांट पर पड़ना था। उसके उठने-बैठने और हिलने-डुलने से प्लेट के खिसकने का भी खतरा था। हालांकि दो सप्ताह बाद तक प्लेट अपनी जगह पर बनी हुई है और पैर में कोई बड़ा घाव भी नहीं हुआ। गाय अब खुद खड़ी होने लगी है और थोड़ी दूरी तक चलने के साथ सामान्य रूप से घास भी खा रही है। वैज्ञानिक इसे बड़े पशुओं में जटिल फ्रेक्चर के उपचार की महत्वपूर्ण सफलता मान रहे हैं।

# चुनावी तैयारी: भाजपा ब्रज क्षेत्र की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भाजपा ने ब्रज क्षेत्र में संगठन को और सक्रिय करने की तैयारी शुरू कर दी है। नई क्षेत्रीय कार्यकारिणी के गठन के बाद गुरुवार को बरेली में पहली परिचयात्मक बैठक हुई। सिविल लाइंस स्थित होटल में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय टीम के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे से परिचय किया और संगठन की आगामी कार्ययोजना पर मंथन किया।

बैठक में क्षेत्रीय और जिला इकाइयों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के साथ बूथ स्तर तक संगठन की पकड़ मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों को पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का संदेश दिया गया। ब्रज क्षेत्र की प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद गीता शाक्य ने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए संगठन के काम को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने और पार्टी की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करें। बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। जिला व महानगर इकाइयों के साथ समन्वय बढ़ाने, पार्टी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने और बूथ स्तर के नेटवर्क को मजबूत करने की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना समेत क्षेत्रीय टीम के पदाधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नई टीम को आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी लाने, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद रखने और जिलों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# एसआरएमएस मेडिकल कालेज में कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस 12 से

जागरण मोर्चा कार्यालय




बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 12 और 13 सितंबर को दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशाप आयोजित होगी। एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया के बरेली चैप्टर के सहयोग से जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में देश के करीब 40 विशेषज्ञ सर्जन गुदा और बड़ी आंत से संबंधित रोगों के आधुनिक उपचार की जानकारी साझा करेंगे। इस दौरान 20 मरीजों का शल्य चिकित्सा के माध्यम से निशुल्क उपचार भी किया जाएगा।

कांफ्रेंस के चेयरमैन एवं विभागाध्यक्ष डा. एसके सागर ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में होने वाली शल्य प्रक्रियाओं का लाइव प्रसारण ऑडिटोरियम और कांफ्रेंस हाल में किया जाएगा। इससे चिकित्सकों, डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण मिलेगा। अब तक 275 से अधिक डेलीगेट्स और पीजी विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। पीजी विद्यार्थी पोस्टर प्रेजेंटेशन भी देंगे। कांफ्रेंस में रोबोटिक सर्जरी के मूल्यांकन एवं व्यावहारिक उपयोग की जानकारी देने के साथ ही पाइल्स, फिशर, फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस के उपचार में लेजर तकनीक से ऑपरेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी के प्रेसिडेंट डा. एलडी लाडुकर, सेक्रेटरी डा. नीरज गोयल, पूर्व प्रेसिडेंट डा. प्रशांत रहाटे सहित देश के कई विशेषज्ञ बरेली पहुंचेंगे। कांफ्रेंस में वरिष्ठ सर्जन डा. आईएस तोमर को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान दिया जाएगा। वरिष्ठ आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सक डा. लालता प्रसाद को भी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। फैलोशिप के लिए 120 लोगों को नामांकित किया गया है। कांफ्रेंस के सेक्रेटरी डा. अमित सिंह ने बताया कि बरेली और रुहेलखंड क्षेत्र में पहली बार कोलोप्रोक्टोलॉजी कांफ्रेंस हो रही है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के चिकित्सकों को पाइल्स, भगंदर, नासूर, कब्ज और अन्य गुदा रोगों के अत्याधुनिक उपचार से परिचित कराना है, ताकि इसका लाभ मरीजों को मिल सके। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और रिसर्च का लाभ मरीजों तक पहुंचाने के लिए संस्थान में कांफ्रेंस, सीएमई और वर्कशॉप पर विशेष जोर दिया जाता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. कौशल कुमार और सेक्रेटरी डा. सुजॉय मुखर्जी ने भी कांफ्रेंस को चिकित्सकों और मरीजों के लिए उपयोगी बताया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

**एक नजर**

### रेडियोलॉजिस्ट के बिना चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर

**बदायूं।** जिले में अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिले के कई कस्बों में ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां नियमित रूप से रेडियोलॉजिस्ट की मौजूदगी नहीं रहती। इसके बावजूद जांच का काम लगातार जारी रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे मरीजों की जांच रिपोर्ट की विश्वसनीयता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि दातागंज, उसावा, उसहैत, वजीरगंज समेत जिले के विभिन्न कस्बों में कई अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ सेंटरों पर निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई जगह मरीजों की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप यह भी है कि स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर सेंटरों की नियमित जांच और दस्तावेजों के सत्यापन में लापरवाही बरती जा रही है।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर फंदे पर लटकाने का आरोप, मौत

## मायका पक्ष ने पति समेत चार ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नीतू का फाइल फोटो।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायका पक्ष ने पति समेत चार ससुरालियों पर मारपीट करने के बाद विवाहिता को फंदे पर लटकाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कासगंज जिले के सोरों गेट, मोहल्ला जयराम निवासी विनोद कुमार साहू के मुताबिक, करीब पांच वर्ष पहले उनकी 34 वर्षीय बेटी नीतू साहू की शादी उझानी के मोहल्ला रामलीला मैदान, रेलवे रोड निवासी विशाल साहू पुत्र राजीव साहू के साथ हुई थी। शादी के समय विशाल गुड़गांव की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर नौकरी करता था। कुछ समय बाद नौकरी छूटने पर वह घर आकर रहने लगा।

मायका पक्ष का आरोप है कि करीब दो वर्ष बाद नीतू ने एक बेटे को जन्म दिया। इसके बाद ससुरालियों ने दहेज में गुड़गांव में फ्लैट और नकदी की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। नीतू ने मायके वालों को इसकी जानकारी दी। परिवार ने रिश्तेदारों और समाज के लोगों के माध्यम से कई बार पंचायत कराकर मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि उत्पीड़न जारी रहा।

**मारपीट के बाद फंदे पर लटकाने का आरोप :** मायका पक्ष के अनुसार, बुधवार शाम पति विशाल, सास प्रवीना, ससुर राजीव और देवर सार्थक ने नीतू के साथ लाठी-डंडों और बेल्ट से मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद उसे फंदे पर लटका दिया गया। गंभीर हालत में परिजन नीतू को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल से फरार हो गए। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर मायके वाले मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायका पक्ष ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षेप समाचार**

### निर्माण कार्य समय से और गुणवत्तापरक पूरे कराएं: सीडीओ



बैठक में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक ढंग से पूरे कराए जाएं। उन्होंने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि और सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत कराए जा रहे कार्यों की परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके बाद विकास भवन सभागार में सीडीओ ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी और सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी लक्ष्यों को समय से पूरा कराने और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पांच चोरी की बाइक के साथ तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**कब्रिस्तान परिसर से हुई गिरफ्तारी, चेसिस नंबर घिसकर और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचते थे बाइक**



पुलिस हिरासत में खड़े वाहन चोर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी चोरी की बाइकों के चेसिस नंबर घिसकर और उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उन्हें बेचने का काम करते थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने कब्रिस्तान की बाउंड्री के भीतर से राजा पुत्र पप्पू निवासी नाहर खां सराय, मुजाहिद पुत्र साहिद निवासी खेड़ा बुजुर्ग तथा आशु पुत्र मुन्ने निवासी बदरिया, थाना सोरों (कासगंज) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों पर दूसरे वाहनों के नंबर अंकित कर देते थे तथा चेसिस नंबर मिटाकर उनकी पहचान छिपाने का प्रयास करते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से हीरो पैशन प्रो, स्प्लेंडर प्लस और सुपर स्प्लेंडर समेत पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें से कई बदायूं और बरेली जनपद के वाहन स्वामियों की निकलीं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों में राजा और आशु के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिओम सिंह, उपनिरीक्षक संजय तोमर समेत कोतवाली पुलिस के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# चार साल से एक ही कोतवाली में जमे सिपाहियों पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली में लंबे समय से तैनात कुछ पुलिसकर्मियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक कोतवाली में कई सिपाही करीब चार साल से एक ही स्थान पर तैनात हैं। वहीं, एक खास हल्के में सिपाही लोकेंद्र यादव के करीब तीन साल से लगातार तैनात रहने की बात सामने आई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग में समय-समय पर कर्मचारियों के स्थानांतरण किए जाते हैं, ताकि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से किसी तरह की स्थानीय सेटिंग या प्रभाव की स्थिति न बने। इसके बावजूद सहसवान कोतवाली में कुछ सिपाहियों के लंबे समय से जमे होने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर में चर्चा है कि एक ही हल्के में लंबे समय तक तैनाती से पुलिसकर्मी का स्थानीय लोगों से संपर्क और प्रभाव बढ़ सकता है। इसी को लेकर कुछ लोगों ने वसूली, सांठगांठ और मिलीभगत जैसे आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि पुलिस विभाग को लंबे समय से एक ही थाने और हल्के में तैनात पुलिसकर्मियों की समीक्षा कर नियमानुसार स्थानांतरण करना चाहिए। अब निगाहें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं पर हैं कि वह मामले की जांच कराकर लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों की तैनाती की समीक्षा कराती हैं या नहीं।

### पेंशन नहीं मिलने से परेशान हजारों लाभार्थी, कांग्रेसियों संग विकास भवन पहुंचे सैकड़ों लोग



विकास भवन में कांग्रेस नेताओं के साथ मौजूद लाभार्थी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** समाज कल्याण विभाग की ओर से मिलने वाली वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन समय से खातों में नहीं पहुंचने से जिले के हजारों लाभार्थी परेशान हैं। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य चौधरी वफाती मियां के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुष विकास भवन पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार को सौंपा। चौधरी वफाती मियां ने कहा कि जिले के 15 ब्लॉकों के एक हजार से अधिक गांवों में निराश्रित वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन पर निर्भर हैं। पेंशन वर्ष में चार बार, प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है। अप्रैल, मई और जून की पेंशन जुलाई के प्रथम सप्ताह तक मिल जानी चाहिए थी, लेकिन दो माह से अधिक समय बीतने के बावजूद कई लाभार्थियों के खातों में पेंशन नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि गरीब वृद्ध, विधवा और दिव्यांगजन अपनी आजीविका के लिए इसी आर्थिक सहायता पर निर्भर हैं। पेंशन के लिए वे विकास भवन और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि अधिकारियों से जानकारी लेने पर बजट उपलब्ध न होने की बात कहकर लाभार्थियों को टाल दिया जाता है। जिला महासचिव आलोक कुमार सिंह और जिला सचिव अहमद अमजदी ने कहा कि सरकार को पेंशन भुगतान की निश्चित तिथि सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि बुजुर्गों और दिव्यांगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि 20 सितंबर तक पेंशन का भुगतान नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान जाबिर जैदी, मुनेंद्र कनौजिया, इकरार अली, मोहम्मद जाहिद सिद्दीकी, बन्ने खां, मोहम्मद राशिद समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामी वांछित तमंचे और कारतूस समेत गिरफ्तार, पुलिस अभिरक्षा से फरार चल रहा था आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस हिरासत में खड़ा आरोपी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त सुरजन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार चल रहा था।

एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सिविल लाइंस पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक फिरोजपुर इकलहरी निवासी सुरजन सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह थाना सिविल लाइंस में दर्ज मुकदमा में 25 हजार रुपये का इनाम घोषित वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार सुरजन सिंह के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में वर्ष 2013 से अब तक छह मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के मामले शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हेरन्द्र सिंह, निरीक्षक सुपेन्द्र मलिक, निरीक्षक उमेश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह उज्जवल, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार और कांस्टेबल विकास कुमार व अंशु यादव शामिल रहे।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली का खेल, फर्जी सर्टिफिकेट बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सीएमओ कार्यालय और जिला अस्पताल परिसर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर अवैध वसूली और फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कराने के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों और दलालों की मिलीभगत से असली दिव्यांगों से हजारों रुपये वसूले जा रहे थे। वहीं स्वस्थ लोगों के भी 45 प्रतिशत दिव्यांगता वाले प्रमाण पत्र तैयार कराए जा रहे थे। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है।

बताया जा रहा है कि महिला अस्पताल के गेट पर स्थित जनसेवा केंद्र के संचालक के माध्यम से प्रति प्रमाण पत्र 10 से 20 हजार रुपये तक की वसूली की जा रही थी। वहीं नेकपुर निवासी भुवनेश शर्मा नामक दलाल पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 10 हजार से लेकर 85 हजार रुपये तक वसूलने के आरोप लगाए गए हैं। इससे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आने वाले वास्तविक दिव्यांगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**सीएमओ ने की कार्रवाई, ऑपरेटर को हटाने के निर्देश :** मामले की जांच और पूछताछ के बाद सीएमओ डॉ. विकास शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित दिव्यांग बोर्ड को डाटा ऑपरेटर शेरसिंह सोलंकी को काम से हटाने और सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में दिव्यांग प्रमाण पत्र के नाम पर दलाली और धन उगाही में संलिप्तता का उल्लेख करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा दिव्यांग बोर्ड से डॉक्टर पीयूष मोहन अग्रवाल को हटा दिया गया है। बोर्ड की टीम में शामिल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उमेश को भी हटाकर जगत सीएचसी से संबद्ध कर दिया गया है। कार्रवाई की जानकारी जिलाधिकारी और एडी बरेली को भी दी गई है। बताया गया है कि दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मामले में डॉक्टर और ऑपरेटर को 17 सितंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। सीएमओ डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए किसी भी दिव्यांगजन को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कछला घाट पर अमावस्या स्नान की तैयारियों का जायजा



कछला गंगा घाट का जायजा लेते पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** आगामी कृष्ण पक्ष की अमावस्या के मद्देनजर गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी उझानी राहुल पांडेय ने कछला घाट स्नान क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन, सुरक्षा, स्वच्छता समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही घाट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और भीड़ के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा। अधिकारियों ने आगामी अमावस्या स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी उझानी समेत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** समूह सखियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

# आरआईआरडी में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (आरआईआरडी) के लक्ष्मीबाई गोष्ठी हाल में समूह सखी मॉड्यूल-एक का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के बाद पोस्ट क्षमता आकलन प्रश्नपत्र कराया गया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रशिक्षण के प्रथम बैच में बिसौली, अंबियापुर, दहगवां, कादरचौक और उझानी तथा द्वितीय बैच में जगत, आसफपुर, समरेर, म्याऊं, दातागंज और सलारपुर विकासखंड की समूह सखियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान फिल्म, कहानी, अभ्यास, फ्लिप बुक, समूह चर्चा और रोल प्ले सहित विभिन्न प्रशिक्षण विधियों के माध्यम से समूह की अवधारणा, गरीबी क्यों, समूह क्यों, नियम एवं पंचसूत्र, नेतृत्व व समूह प्रबंधन, समूह के पूंजीकरण के चरण तथा सूक्ष्म वित्त की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। द्वितीय बैच के समापन अवसर पर डीआरपी एसएमसीबी अमित कुमार सिंह तोमर ने कहा कि समूह की बैठकों, बचत, अभिलेख और योजनाओं में सदस्यों को मार्गदर्शन देने वाली प्रशिक्षित सहयोगी को समूह सखी कहा जाता है। समूह सखी सामूहिक सहभागिता बढ़ाने में सदस्यों की मदद करती है और सुलभकर्ता के रूप में भी कार्य करती है।

संस्थान के आचार्य डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार, डीआरपी अमित कुमार सिंह तोमर समेत अन्य ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रीती, आविदा, ममता, सीमा पाल, कविता रानी, शकुंतला देवी, शिवानी और ज्ञान सरिता समेत समूह सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

प्रशिक्षण को सफल बनाने में सत्र प्रभारी वीरपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। दोनों बैच के समापन सत्र का संचालन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय ने किया और डीआरपी अमित तोमर, सुषमा समेत सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

**बदायूं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के जनसेवा कार्यकाल के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, मंडलायुक्त शंभु कुमार, जिलाधिकारी अवनीश राय, सीडीओ गामिनी सिंगला और एडीएम प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम होगा।

# मानसिक परेशानी को नजरअंदाज न करें, समय पर लें विशेषज्ञ की मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला चिकित्सालय के मीटिंग हॉल में बृहस्पतिवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव और आत्महत्या की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने मानसिक परेशानियों से जूझ रहे लोगों की मदद करने और उन्हें अकेला न छोड़ने की अपील की।

नर्सिंग ऑफिसर साइकियाट्रिस्ट प्रेम बाबू ने कहा कि मानसिक तनाव और अन्य परेशानियों के कारण कई बार व्यक्ति के मन में आत्महत्या जैसे विचार आने लगते हैं। ऐसे विचारों को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय परिजनों और विशेषज्ञों से खुलकर बात करना जरूरी है। समय रहते उपचार और परामर्श लेने से स्थिति में सुधार संभव है। उन्होंने बताया कि मानसिक बीमारी भी अन्य बीमारियों की तरह है और उसका उचित उपचार संभव है। जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर पांच में मानसिक रोगों से संबंधित उपचार और परामर्श की सुविधा सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध है।

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सर्वेश कुमारी ने कहा कि मानसिक परेशानी से जूझ रहे व्यक्ति को अकेला छोड़ने के बजाय उसकी बात ध्यान से सुननी चाहिए और उसका साथ देना चाहिए। समय पर पहचान, सही परामर्श और उपचार से मानसिक तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है। सीएमएस डॉ. सतीश चंद्र नागर ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितनी ही गंभीरता से लिया जाना चाहिए। किसी व्यक्ति के व्यवहार में अचानक बदलाव, अत्यधिक तनाव, निराशा या खुद को नुकसान पहुंचाने की बात सामने आए, तो उसे अकेला न छोड़ें और तत्काल विशेषज्ञ की मदद लें। जिला चिकित्सालय में कमरा नंबर पांच में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में डॉ. एसपी सिंह, डॉ. श्रीपाल सिंह, मोहित कुमार काउंसलर, हरेंद्र बाबू काउंसलर आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे मंडलायुक्त राहत-बचाव कार्यों का लिया जायजा

## भुण्डी पहुंचकर ग्रामीणों से किया संवाद, अधिकारियों को सतर्क रहने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से जानकारी लेते मंडलायुक्त।



बाढ़ क्षेत्र का ज्यादा लेते डीएम व मंडलायुक्त समेत।

**बदायूं।** मंडलायुक्त बरेली मंडल शंभू कुमार ने गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा समेत अन्य अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम भुण्डी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनका हाल जाना और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से रहपुरा और कदम नगला में बाढ़ की वर्तमान स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है और नदी आबादी से दूर है। कुछ स्थानों पर कटान की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसे बाढ़ खंड द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर नियंत्रित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को राहत सामग्री का वितरण कराया जा चुका है। बाढ़ चौकियों और शरणालयों को लोगों की सुविधा के लिए तैयार रखा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था के साथ पशुओं की देखभाल के लिए पशुपालन विभाग को भी सक्रिय रखा गया है।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दातागंज विनोद कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड उमेश चंद्र समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रुपये लेने के बाद भी काम नहीं करने का आरोप आसफपुर बीआरसी का लिपिक वीडियो में घिरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीआरसी पर बैठा बाबू। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय आसफपुर (बीआरसी) में तैनात एक लिपिक पर काम कराने के नाम पर रुपये लेने और इसके बाद भी काम नहीं करने का आरोप लगा है। मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला शिक्षामित्र संबंधित लिपिक से रुपये लेने के बावजूद काम नहीं करने को लेकर सवाल करती दिखाई दे रही है। बातचीत के दौरान कर्मचारी के कथित तौर पर रुपये लेने की बात स्वीकार करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

वीडियो में महिला शिक्षामित्र आरोप लगाती दिखाई दे रही है कि काम कराने के नाम पर उससे रुपये लिए गए, लेकिन इसके बावजूद उसका काम नहीं किया गया। महिला कर्मचारी पर उसे लगातार परेशान और मानसिक रूप से उत्पीड़ित करने का आरोप भी लगाती नजर आ रही है। वीडियो के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में मामला चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि महिला ने कितनी धनराशि दी थी और वह किस कार्य के लिए दी गई थी। संबंधित काम किस स्तर पर लंबित था और कर्मचारी की उसमें क्या भूमिका थी, इसकी भी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। महिला शिक्षामित्र की पहचान और तैनाती का स्थान भी फिलहाल सामने नहीं आया है।

**पहले भी उठ चुके हैं सवाल :** आसफपुर बीआरसी कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। कार्यालय में कथित अनियमितताओं और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व में अनियमितताओं के आरोपों के बाद संविदा कर्मी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज गंगवार की सेवाएं तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समाप्त किए जाने की बात भी सामने आई थी। अब महिला शिक्षामित्र से जुड़े कथित रिश्वत प्रकरण के वीडियो के बाद कार्यालय एक बार फिर चर्चा में है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं नवीन कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जांच में रुपये लेने के आरोप और संबंधित कर्मचारी की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी।

# पुलिस लाइन चौराहे पर डग्गामार वाहनों का कब्जा, जाम से राहगीर बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय





बी च सड़क पर खड़े होकर सवारी भरते डग्गामार वाहन। -जागरण मोर्चा

- **ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर टेंपो चालक से अभद्रता का आरोप, एसएसपी से जांच की मांग**

**बदायूं।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के दावों के बीच पुलिस लाइन चौराहे पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौराहे पर सुबह से शाम तक डग्गामार वाहन, ई-रिक्शा और निजी बसें बेतरतीब तरीके से खड़ी रहती हैं। सवारी भरने के चक्कर में चालक सड़क के बीचोंबीच वाहन रोक देते हैं, जिससे राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ता है।

पुलिस लाइन चौराहा शहर के व्यस्त मार्गों में शामिल है। यहां जाम लगने से स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों की नियमित मौजूदगी नहीं दिखाई देती। आरोप है कि यातायात पुलिस का ध्यान डग्गामार वाहनों की व्यवस्था सुधारने के बजाय चालान करने पर अधिक रहता है।

**टेंपो चालक ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर लगाए गंभीर आरोप :** मंडी समिति चौकी के पास एक टेंपो चालक ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज कुमार वर्मा पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। चालक के मुताबिक उसे रोकने के बाद वह कुछ आगे निकल गया था, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे वापस बुलाया। आरोप है कि इंस्पेक्टर के पास पहुंचने पर उसके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की गई तथा जूते से मारने का प्रयास भी किया गया। घटना के बाद टेंपो चालकों में नाराजगी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने एसएसपी से पुलिस लाइन चौराहे से डग्गामार वाहनों को हटवाने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने और ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

# चयन वेतनमान व अवरुद्ध वेतन के भुगतान में देरी पर शिक्षक संघ नाराज

जागरण मोर्चा कार्यालय



बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करते शिक्षक संघ के नेता। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चयन वेतनमान के अंतर एरियर, एक दिवस के अवरुद्ध वेतन तथा चयन वेतनमान के स्वीकृति आदेश जारी करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल निस्तारण की मांग की।

जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला मंत्री उदयवीर सिंह यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष सुशील चौधरी ने बीएसए और वित्त एवं लेखाधिकारी को अलग-अलग पत्र सौंपकर शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि चयन वेतनमान के अंतर एरियर और एक दिवस के अवरुद्ध वेतन का भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। मानव संपदा पोर्टल पर एरियर भुगतान के लिए 'पहले आओ, पहले पाओ' के सिद्धांत का उल्लेख होने के बावजूद मार्च 2026 से लंबित कई प्रकरणों का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है।

**सर्विस बुक के नाम पर लौटाए जा रहे प्रकरण :** संघ ने चयन वेतनमान के स्वीकृति आदेश जारी न होने पर भी गंभीर चिंता जताई। पदाधिकारियों के अनुसार जनपद के कई शिक्षकों के चयन वेतनमान संबंधी प्रकरण केवल सर्विस बुक पूर्ण न होने के आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी स्तर पर वापस किए जा रहे हैं। संघ का कहना है कि सर्विस बुक को पूर्ण कराकर जिला कार्यालय भेजने की जिम्मेदारी विभागीय स्तर पर संबंधित अधिकारियों की है। इसके बावजूद शिक्षकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और पात्र शिक्षकों का चयन वेतनमान समय से स्वीकृत नहीं हो पा रहा है।

**विशेष अभियान चलाकर समाधान की मांग :** शिक्षक संघ ने मांग की कि जनपद में विशेष अभियान चलाकर सभी शिक्षकों की सर्विस बुक तत्काल पूर्ण कराई जाए तथा पात्र शिक्षकों के चयन वेतनमान के स्वीकृति आदेश बिना अनावश्यक विलंब के जारी किए जाएं। साथ ही लंबित एरियर और एक दिवस के अवरुद्ध वेतन का भी समयबद्ध भुगतान कराया जाए। संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन लगातार विभागीय अधिकारियों से संवाद कर रहा है। यदि लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन शिक्षकों के हित में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागीय अधिकारियों की होगी। इस दौरान उदयवीर यादव, सुशील चौधरी, अरविंद दीक्षित, हरीश यादव, पंकज पाठक, संजय यादव, राजेश कुमार, राम सेवक, सलमान खान, योगेश कुमार, अमित यादव, मौ. अराफात, रानू, आयुष भारद्वाज, वैभव श्रोत्रिय आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे विधायक, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**कटान में घर और फसल गंवाने वालों को मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन**

जागरण मोर्चा कार्यालय



कटान में घर और फसल गंवाने वालों को मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन। -जागरण मोर्चा

**उसहैत।** शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने गुरुवार को गंगा किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों का हालचाल जाना। उन्होंने भकरी बेहटी, कदमनगला और चेतराम नगला समेत बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं।

विधायक ने एक चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं और बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। ग्रामीणों ने गंगा के कटान, जलभराव और फसल व मकानों को हुए नुकसान से अवगत कराया। विधायक हिमांशु यादव ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंगा कटान में जिन लोगों के घर और फसलें प्रभावित हुई हैं, उनके नुकसान की सूची तैयार कराकर शासन-प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस दौरान सहदेव यादव, रामवीर कश्यप, रमेश प्रधान, मुनीश प्रधान, अजीत, रितिक, मनवीर, गिरिजपाल, सोनेलाल, जुगेन्दर पाल, राकेश सिंह, राकेश पाल, जयपाल कश्यप, कुलदीप यादव, विवेक यादव, कृष्णवीर, विजयवीर, अटल यादव, सब्बू मियां, बुधपाल समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# उमंग प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, न्याय पंचायत स्तर पर हुईं विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताएं

जागरण मोर्चा कार्यालय





कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** उमंग कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत विकासखंड बिसौली की सभी न्याय पंचायतों में न्याय पंचायत स्तरीय विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने न्याय पंचायत फतेहपुर, वीरमपुर और करनपुर के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उमंग कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर मंच है। इससे ग्रामीण अंचल के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी आगे ब्लॉक और जनपद स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

एआरपी मचिन मिश्रा, रानी, सौरभ पाठक और मंजीत सिंह ने खजुरिया, नागपुर नूरपुर, करनपुर, सरेरा समेत विभिन्न न्याय पंचायतों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें आगामी विकासखंड और जनपद स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षेप समाचार

### अंकतालिका में माता-पिता के नाम बदले, छात्र का स्नातक में प्रवेश अटका

**आसफपुर।** त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर की कथित लापरवाही के कारण इंटरमीडिएट की अंकतालिका में पिता की जगह माता और माता की जगह पिता का नाम दर्ज होने का मामला सामने आया है। शैक्षिक अभिलेखों में हुई इस त्रुटि के चलते छात्र का स्नातक में प्रवेश अटक गया है। छात्र ने कॉलेज प्रबंधन पर समस्या का समाधान कराने के बजाय उसके और उसके पिता के साथ अभद्रता व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। ग्राम ढोरनपुर निवासी अंकुश कुमार पुत्र वेदराम ने शिकायत में बताया कि इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद कॉलेज से मिली अंकतालिका में पिता वेदराम के स्थान पर माता रामवेटी और माता रामवेटी के स्थान पर पिता वेदराम का नाम अंकित है। छात्र के अनुसार स्थानांतरण प्रमाण पत्र में भी गलतियां हैं। अंकुश का आरोप है कि अभिलेखों में सुधार कराने के लिए वह कई बार कॉलेज के चक्कर लगा चुका है। बोर्ड कार्यालय बरेली पहुंचने पर भी उसे कॉलेज स्तर से ही समस्या का समाधान कराने की बात कहकर वापस भेज दिया गया। छात्र का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने उसकी समस्या सुनने के बजाय उसे और उसके पिता को डांट-फटकार कर भगा दिया। छात्र ने कॉलेज प्रबंधक अनिल कुमार पाठक, प्रधानाचार्य करतार सिंह, बड़े बाबू सुमित पाठक और क्लर्क राजीव कश्यप पर मानसिक उत्पीड़न और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि गलत अभिलेखों के कारण स्नातक में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है, जिससे उसका भविष्य प्रभावित हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक बदायूं लालजी यादव ने कहा कि छात्र के साथ किसी भी स्तर पर अभद्रता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि अभद्रता की शिकायत जांच में सही पाई जाती है तो मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**खेलकूद** विजेताओं को मेडल, शील्ड और नगद धनराशि देकर किया सम्मानित

# दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते सतीश प्रेमी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के मदन लाल इंटर कॉलेज प्रांगण में बृहस्पतिवार को स्व. तरुण यादव रनिंग एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ ही राज्य एवं केंद्रीय पुलिस बलों में भर्ती के लिए प्रेरित करना रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड और नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनने पर बिसौली में स्व. बनबारी सिंह यादव के नाम से बड़ा स्टेडियम बनवाया जाएगा। इससे क्षेत्र के युवाओं और छात्रों को सेना व पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। समाजवादी पार्टी की सरकारों में खेल और खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहन दिया गया है।

प्रतियोगिता की 1600 मीटर दौड़ में लक्ष्मण कुमार ने प्रथम, रजत यादव ने द्वितीय और कमल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर में पीके मुरादाबाद प्रथम, रवि यादव द्वितीय और सुमित यादव तृतीय रहे। वहीं 400 मीटर दौड़ में पीके मुरादाबाद ने प्रथम, मनीष यादव ने द्वितीय और विकास यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इस मौके पर आयोजक दल के आदेश यादव, अरुण यादव, भुवनेश यादव, विकास यादव, टीपू यादव, मनीष यादव, सूरज यादव, विजय यादव, रवि यादव, सुमित यादव, विपुल यादव और बंटू यादव आदि मौजूद रहे।

## नशे और बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

**आसफपुर।** महिला कल्याण विभाग की ओर से विकासखंड बिसौली और आसफपुर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और कानूनों की जानकारी दी गई। जेएसएचईडब्ल्यू प्रीति चौहान ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान बताए और बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पति की मृत्यु के बाद पुनर्विवाह दंपती पुरस्कार, दहेज पीड़ित महिलाओं को कानूनी व आर्थिक सहायता तथा पुत्री की शादी के लिए अनुदान आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंचा राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में मौत का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय





कांग्रेस कार्यालय में मौजूद पीड़ित । -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली पुलिस हिरासत में दलित युवक राजेश कोरी की मौत का मामला अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराते हुए न्यायिक जांच और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गुरुवार को राजेश कोरी की विधवा रूपवती कोरी अपनी मां राजवती कोरी और भाई महीपाल कोरी के साथ दोपहर करीब 12 बजे नेकपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव से मुलाकात कर न्याय की लड़ाई में सहयोग मांगा। रूपवती ने बताया कि तीन सितंबर को वह अटसेना गांव में न्याय की मांग को लेकर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठी थीं। आरोप है कि पुलिस प्रशासन ने प्रतिमा स्थल स्थित बारातघर के गेट पर ताला लगाकर उन्हें वहां से बाहर कर दिया और धरना नहीं देने दिया। अजीत यादव ने रूपवती कोरी को सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि राजेश कोरी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मामले में लीपापोती कर रही है और पुलिस के बल पर रूपवती की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलितों के न्याय के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी शिकायत में अजीत यादव ने राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में मौत की न्यायिक जांच कराने, दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उसकी विधवा रूपवती कोरी को सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये मुआवजा और मकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

## एक नजर

### अल्पसंख्यक कांग्रेस के फिर बने जिलाध्यक्ष सईद अंसारी



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने में जुटी है। इसी क्रम में लंबे समय से भंग चल रही अल्पसंख्यक कांग्रेस का भी पुनर्गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सोहिल अख्तर अंसारी ने सईद अंसारी को दोबारा अल्पसंख्यक कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्हें प्रदेश मुख्यालय लखनऊ भी बुलाया गया है। सईद अंसारी के पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस को और अधिक सक्रिय करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

# तिलहर की मथुरा कंस्ट्रक्शन पर निगम ने दिया मुकदमे का आदेश

## तिलहर नगर पालिका में दर्ज है फर्जीवाड़े का मामला, भदौरिया कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम की निविदा में फर्जी चरित्र प्रमाणपत्र लगाने के मामले में तिलहर की मथुरा कंस्ट्रक्शन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाने के मामले में भदौरिया कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों ने दिए हैं। तिलहर के निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की फर्म मथुरा कंस्ट्रक्शन ने नगर निगम की निविदा में कई अभिलेख लगाए थे। इनमें 16 जनवरी को जारी दर्शाया गया चरित्र प्रमाणपत्र भी शामिल था। शिकायत के बाद प्रमाणपत्र की जांच कराई गई तो वह



नगर निगम शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी कार्यालय से जारी होना नहीं पाया गया। इसके बाद नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। मुख्य अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी ने फर्म के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार गुप्ता को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर अपर नगर आयुक्त ने फर्म संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम में भदौरिया कंस्ट्रक्शन के स्वामी सुनील सिंह द्वारा भी फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में सुनील सिंह के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। अब अधिकारियों ने संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

**तिलहर पालिका में भी दर्ज हुआ था मुकदमा :** मथुरा कंस्ट्रक्शन का फर्जी प्रमाणपत्र का मामला नगर पालिका तिलहर में भी सामने आ चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में फर्म ने नगर पालिका में 11 कार्य कराए थे। इनमें छह निविदाओं में कथित तौर पर फर्जी तरीके से तैयार किए गए चरित्र प्रमाणपत्र लगाए जाने का मामला सामने आया था।सभासद कय्यूम खान की शिकायत पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच कराई थी। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने फर्म संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपित को पुलिस ने दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कंप्यूटर सीखने के लिए घर से निकली 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान विशाल पुत्र रमेश दिवाकर निवासी ग्राम हजरतपुर, थाना मैलानी, जनपद खीरी के रूप में हुई है। किशोरी के लापता होने पर उसके स्वजन ने 10 जुलाई को कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 230/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2) में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने 24 जुलाई को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। किशोरी के बयानों और विवेचना में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) की बढ़ोतरी की



आरोपी पुलिस गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

गई। विवेचना के दौरान विशाल का नाम सामने आया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस के अनुसार, बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आवास विकास कॉलोनी के मोड़ के पास घेराबंदी की गई। दोपहर करीब 12:10 बजे पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुशांत रावत और कांस्टेबल अभयवीर सोम शामिल रहे।

# सिपाही के खिलाफ कप्तान से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** धन्यौरा गांव के ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर गांव में कच्ची शराब निकाल कर बिक्री करने का आरोप लगाया।कच्ची शराब बिक्री में एक सिपाही के भी मिले होने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है।आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। धन्योरा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कुछ लोग एक सिपाही से मिलकर कच्ची शराब निकाल कर बिक्री करने का धंधा काफी समय से कर रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत क्षेत्रीय दरोगा एवं कोतवाली पुलिस से भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।कच्ची शराब की बिक्री से गांव के बच्चे और बुजुर्ग नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।शराब पीकर लोग एक दूसरे से झगड़ा कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि कई बार कच्ची शराब बिक्री का उन लोगों ने विरोध किया लेकिन कच्ची शराब बनाने वाले लोग झगड़ा कर उन्हें ही देख लेने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने एसपी से मामले की जांच करा कर मुकदमा दर्ज कराने तथा सिपाही के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।इस दौरान शिवम सिंह,उपेंद्र सिंह,रमन पाल सिंह,राकेश सिंह,प्रधान रंजीत कुमार वर्मा अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में अनधिकृत प्रवेश पर एनसीपीसीआर सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सरकारी विद्यालयों में राजनीतिक दलों के प्रवेश, विद्यार्थियों की वीडियोग्राफी और व्यक्तिगत डेटा एकत्र किए जाने की शिकायत को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने गंभीरता से लिया है। आयोग के रजिस्ट्रार डॉ. सुधा चौधरी ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर को प्रकरण की तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग को शिकायतकर्ता शिक्षक अंकुर त्रिपाठी की ओर से शिकायत भेजी गई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि राजनीतिक दलों की ओर से सरकारी विद्यालयों में प्रवेश कर 10 प्वाइंट गाइड और सर्वेक्षण के नाम पर अनधिकृत निरीक्षण, वीडियोग्राफी तथा विद्यार्थियों का व्यक्तिगत डेटा एकत्र किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया कि इससे नाबालिग विद्यार्थियों की सुरक्षा, निजता और भयमुक्त शैक्षिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। शिकायत में राजस्थान के जयपुर स्थित एक सरकारी विद्यालय में निरीक्षण के दौरान विवाद और झड़प की घटना का भी उल्लेख किया गया है। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन को ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट निर्देश देने को कहा है। एनसीपीसीआर ने जिलाधिकारी से कहा है कि जांच और कार्रवाई के दौरान बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए।

# चोरी की रिपोर्ट लिखने में आनाकानी क्राइम कंट्रोल का दावा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- डेढ़ माह से थाने के चक्कर काट रही विधवा सुमन

**शाहजहांपुर।** तिलहर पुलिस की संवेदनहीनता सामने आई है। सिपाहियों की करतूत से शर्मसार हो चुकी तिलहर पुलिस डैमेज कंट्रोल के बजाय फरियादियों की अनसुनी कर रही है। गांव राईखेड़ा की विधवा सुमन की तीन भैंसे डेढ़ माह पूर्व चोरी होने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस नामजद तहरीर देने का दबाव बना रही हैं। गांव राईखेड़ा निवासी सुमन पत्नी स्व वीरपाल ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि 27 अगस्त को उनकी तीन भैंसे गांव में ही स्थित बगिया में चर रहीं थीं। थोड़ी देर के बाद वो उन्हें लेने के लिए आईं तो देखा कि भैंसे गायब हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि कोई दो लोग भैंसों को ले जाते देखें गए हैं। तलाशते हुए सीसीटीवी फुटेज चेक कराए तो दोनों आरोपी भैंसों को ले जाते हुए चौक कोतवाली इलाके के ककरा कलां से निकलते हुए दिखाई दिए। उनके हाथ में लोहे की जंजीर और हरा चारा भी दिखाई दे रहा है। इसके आगे का कोई फुटेज नहीं मिल सका। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों का चेहरा स्पष्ट होने के बावजूद पुलिस ने तो आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है और न ही रिपोर्ट दर्ज की गई है। सुमन के मुताबिक पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को शिकायती पत्र देने पर उन्होंने तिलहर इंस्पेक्टर फोन कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इंस्पेक्टर ने उन्हें बुलाया और नामजद तहरीर देने का दबाव बनाने लगे।

## संक्षेप समाचार

### प्रतीक बने विश्व को रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष

**तिलहर शाहजहापुर।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने नगर के प्रतीक गर्ग को जनपद शाहजहांपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। उनके नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े तथा फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। उनके मनोनयन पर राधा रमन मिश्रा सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



प्रतीक गर्ग।

### सर्वाइकल कैंसर के प्रति छात्राओं को किया जागरूक




सर्वाइकल कैंसर की जानकारी देते विशेषज्ञ। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव और एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार और आसपास की बालिकाओं को भी एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी बच्ची इस महत्वपूर्ण टीके से वंचित न रहे। कार्यक्रम में संस्था की सह-अध्यक्ष रश्मि गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि गुप्ता और डा. शविना मौजूद रहीं।

### रामगंगा खतरे के निशान से 0.33 मीटर ऊपर, गर्रा में छोड़ा 7,793 क्यूसेक पानी

**शाहजहांपुर।** नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के बीच रामगंगा ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार रामगंगा 137.63 मीटर पर बह रही थी, जो खतरे के निशान 137.30 मीटर से 0.33 मीटर ऊपर है। इससे तटीय और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गर्रा नदी भी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। इसका जलस्तर 147.90 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 148.80 मीटर से महज 0.90 मीटर नीचे है। वहीं गंगा 143.48 मीटर पर और खन्नौत 145.60 मीटर पर बह रही है। दोनों नदियां भी अपने-अपने खतरे के बिंदु से क्रमशः 0.17 और 0.15 मीटर नीचे हैं। प्रशासनिक रिपोर्ट के मुताबिक दूनी बैराज से गर्रा नदी में 7,793 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कटना नदी में भी 5,000 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। रामगंगा के खतरे के निशान से ऊपर बहने और बैराजों से पानी छोड़े जाने के बाद निचले इलाकों के गांवों में अलर्ट किया गया है। बाढ़ खंड और प्रशासन की टीमें जलस्तर पर लगातार नजर रख रही हैं।



शाहजहांपुर में बाढ़ का दृश्य।

# बदहाल सड़क के विरोध में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने किया मुख्य मार्ग जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना तिलहर क्षेत्र अंतर्गत संसारवती मेमोरियल इंटर कॉलेज कपसेड़ा के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने विद्यालय जाने वाले मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर गुरुवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।जाम की खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया ।सड़क पर वाहनों की कतार लगने लगी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व मुश्किल जाम खुलवाया तब कहीं जाकर यातायात से चालू हो सका । छात्र-छात्राओं का कहना है कि विद्यालय तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से बेहद खराब हालत में है। आए दिन उन्हें इसी बदहाल रास्ते से होकर



खराब सड़क के लिएप्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

विद्यालय आना-जाना पड़ता है। सड़क की हालत खराब होने के कारण छात्र-छात्राओं समेत ग्रामीणों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि सड़क निर्माण की समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज होकर आज बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सड़क पर उतर आए और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी अमित सिंह को मिली, जिसके बाद उन्होंने तत्काल टीम को मौके पर भेजकर पूरे मामले की जानकारी लेने के निर्देश दिए। वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया, जिसमें बदहाल मुख्य मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की गई है।

# कृष्णानगर मंदिर में गूंजे कान्हा के भजन 100 से अधिक बच्चों को मिला सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी कान्हा जी की छठी के उपलक्ष्य में संकीर्तन का आयोजन किया गया। शाम सात से रात नौ बजे तक चले कार्यक्रम में भक्त भजनों पर झूमते नजर आए। इसके बाद विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संकीर्तन में हरीश बजाज, अंकित सचदेव, नवीन सचदेव, अनिल कक्कड़, देवेंद्र खुराना, गौरव अरोरा, नितिन शर्मा और कार्तिक शर्मा आदि ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। जन्माष्टमी पर विभिन्न स्वरूपों में सजकर आए 100 से अधिक बच्चों को मंदिर समिति की ओर से पुरस्कार देकर



कृष्णा नगर मंदिर में कार्यक्रम में झूमते भक्त। -जागरण मोर्चा

सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी अखिलेश शास्त्री, प्रधान प्रेम प्रकाश नारंग, उप प्रधान हरीश बजाज, महामंत्री कमलेश सचदेवा, युवा प्रधान संजीव सचदेवा, नवीन सचदेवा, विनोद सचदेवा, भारत भूषण खुराना, ज्योति स्वरूप सचदेवा, जसवंत जयसिंह, मनीष सचदेवा, कुलदीप कालरा, अजय सचदेवा, पूनम अवस्थी, नीलम गुप्ता, रोजी खुराना, नलिनी ओमर, रजनी आनंद, बिमला खुराना, मोहनदेवी और सुषमा सचदेवा समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

## विद्याभारती शिशुवाटिका निरीक्षण 2026 संपन्न

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर परशुरामपुरी में विद्या भारती की प्रांतीय व्यवस्था अनुसार शिशु वाटिका के प्रांतीय संयोजक रामकिशोर का आगमन हुआ। आगमन के पश्चात भाई साहब ने पूरी तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले कक्षा कक्षों में जाकर शैक्षिक निरीक्षण किया एवं भैया बहिनों से प्रश्न पूछे और उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। भैया बहिनों का अवकाश होने के पश्चात भाई साहब ने समस्त स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण सत्र लिया।सत्र के दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एवं सर्व व्यवस्था प्रमुख अमन ने भाई साहब का पटका पहनाकर स्वागत किया। सत्र के दौरान अधिकारी बंधु ने नई शिक्षा प्रणाली, पंचपदी शिक्षा पर जोर, भाई बहिनों का सर्वांगीण विकास के विषय में सभी से विस्तार से सार्थक चर्चा वार्ता की एवं समस्त स्टाफ की लगनशीलता एवं मेहनत की सराहना की।

## होनहार बिरवान — डाक्टर बनकर करेगा देश व समाज की सेवा

# नीट में क्वालीफाई कर कार्तिकेय ने बढ़ाया तिलहर का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

- राजकीय मेडिकल कॉलेज हरदोई में मिला प्रवेश

**तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर गैसरा निवासी पत्रकार धीरेन्द्र यादव का पौत्र तथा प्रद्युम्न यादव 'बब्लू' के पुत्र कार्तिकेय यादव ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता हासिल कर परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्तिकेय का चयन राजकीय मेडिकल कॉलेज, हरदोई में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। कार्तिकेय यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दादा धीरेंद्र सिंह यादव को देते हुए कहा कि परिवार के निरंतर प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और मेहनत



कार्तिकेय। -जागरण मोर्चा

की प्रेरणा से वह अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने की दिशा में यह उनके लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है और आगे भी पूरी लगन से अध्ययन कर समाज की सेवा करना उनका लक्ष्य रहेगा। कार्तिकेय की सफलता की खबर मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कार्तिकेय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए कार्तिकेय की सफलता प्रेरणादायी है। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष पति अजय प्रताप यादव, विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व विधायक राजेश यादव, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, जिला पंचायत सदस्य पति झब्बू सिंह यादव, भाजपा महामंत्री अरुण यादव 'चैनू' तथा व्यापार मंडल नेता सौरभ गुप्ता 'रवि' श्री परशुराम सेवा समिति के सचिवएवं पत्रकार अनुराग मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कार्तिकेय यादव और उनके परिवार को बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## हाईवे पर घूम रहे 40 गोवंशीय पशु और पांच नंदी संरक्षित

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूम रहे गोवंशीय पशुओं को संरक्षित कराने के लिए प्रशासन ने अभियान चलाया। डीएम के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण गोपाल और आकाश मिश्रा ने सीतापुर रोड स्थित जमुका में अभियान चलाया। इस दौरान हाईवे पर घूम रहे करीब 40 गोवंशीय पशुओं और पांच नंदी को कैटल कैचर की मदद से पकड़कर सुरक्षित किया गया। सभी पशुओं को पास की गोशाला में भिजवा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि हाईवे पर गोवंशीय पशुओं के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। अभियान का उद्देश्य पशुओं को सुरक्षित रखने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

# रस्तोगी धर्मशाला में धूमधाम से मनाई गई भगवान कृष्ण की छठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर में अनेक मंदिरों में योगीराज भगवान श्री कृष्ण की छठी का आयोजन किया गया ।इस दौरानपूरे दिन मंदिर में भजन कीर्तन और उनके भक्तों की सुरीली आवाज और वाद्य यंत्रों की गूंज से वातावरण गुंजायमान मान रहा। रस्तोगी धर्मशाला में प्रातः काल पूजन अर्चन के बाद संकीर्तन और प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसके बाद शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान प्रबंधक अशोक रस्तोगी वैभव रस्तोगी सौरभ रस्तोगी अरुण रस्तोगी हरि मोहन गुप्ता प्रमोद गुप्ता डब्लू पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता



तिलहर के रस्तोगी धर्मशाला में छठी कार्यक्रम के दौरान भक्तगण। -जागरण मोर्चा

शिवकुमार राठौर अरुण यादव चैनू अशोक अग्रवाल विजय अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। उधर घोड़ी वाले बाबा मंदिर में छठी का आयोजन किया गया जिसमें कमलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे हिंदू पट्टी मोहल्ले में कड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमें अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया दातागंज मोहल्ले में सुनील गुप्ता के घर के निकट मंदिर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया जो की देर रात तक चला।





## एक नजर

### परिवार के साथ कार्य करते समय किशोरी को सांप ने डसा

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ामें परिवार के साथ कार्य करते समय किशोरी को सांप ने डस लिया परिजनों ने किशोरी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरी खेड़ा निवासी मुकेश का गुरुवार को मकान निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें उसकी 13 वर्षीय बेटी सोनम भी हाथ बटा रही थी। काम के दौरान जैसे ही उसने ईट उठाई तो उसके पीछे छुपे बैठे जहरीले सांप ने उसके सीधे हाथ में डस लिया। सांप को देखकर किशोरी मैं शोर मचा दिया परिजनों ने उसे आनन फानन में बाइक से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने जहरीले सांप के काटने की आशंका के चलते उसका उपचार शुरू कर दिया।

# गणेश चौथ कल से, तैयारियां अंतिम दौर में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अर्पित मेहरोत्रा**

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ से शनिवार से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए चाहे दुकानदार हो अथवा झूला संचालक सभी तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। मेला गणेश चौथ शनिवार से शुरू होने जा रहा है। गणेश मंदिर को भी भव्य रूप देने के लिए कलाकार कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मेला कमेटी शुक्रवार तक सभी तैयारियां पूरी कर लेगी। मेला गणेश चौथ का शुभारंभ 12 सितंबर से होने जा रहा है। मेले का मुख्य आकर्षण रथयात्रा 14 सितंबर को निकाली जाएगी। मेला ग्राउंड में बाहर से आने वाले दुकानदार पिछले एक सप्ताह से अपनी दुकानें तैयार करने में लगे हैं। दुकानों में सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, खानपान, साइकिल समेत विभिन्न प्रकार की दुकानें व स्टॉल लग रहे हैं। इनके लिए दुकानों को आवंटन काफी समय पहले ही कर दिया गया था। दुकानदारों का कहना है कि दुकानें बनकर तैयार हैं, अब केवल सामान रखना व सजावट होना शेष है। वहीं मेले में कई तरह के आकर्षक झूले भी आए हैं। झूला संचालक पिछले दो सप्ताह से भारी भरकम सामान व लेबर के साथ दिन रात झूला लगाने का कार्य कर रहे है। साथ ही विभिन्न प्रकार के मौत का कुंआ, जादू आदि के भी टेंट सज-धज कर तैयार हो गए हैं। वहीं रोजाना होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए वैनायिकी मंच व नटराज मंच भी मेला ग्राउंड में तैयार कर लिया गया है। मेला कमेटी के अलावा पुलिस प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन मेला ग्राउंड में आकर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। मेला कोतवाली तैयार हो गई है और शनिवार सुबह से अन्य जनपदों से आने वाले पुलिस बल की आमद कराई जाएगी।




### गणेश मंदिर को भव्य रूप देने में जुटे हैं कलाकार

**चंदौसी।** सीता रोड स्थित गणेश मंदिर भी मेले के दौरान बाहर से आए लोगों का विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। यह पूरे मेला बिजली की रंग बिरंगी रोशनी से जगमग रहता है और लोगों के लिए विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बन जाता है। रात के समय इसकी शोभा देखते ही बनती है। गणेश मंदिर स्थित देव प्रतिमाओं को मेले के दौरान विशेष रूप से तैयार किया जाता है। पेंटिंग कलाकार अन्नी सबरंग अपनी टीम के साथ गणेश मंदिर के लिए नि :स्वार्थ सेवा दे रहे हैं। वह बताते हैं कि शनिवार की सुबह तक सभी देव प्रतिमाएं तैयार हो जाएंगी। 14 सितंबर को सुबह इन देव प्रतिमाओं को पोशाक पहनाई जाएगी। इसके अलावा मेला ग्राउंड से गणेश मंदिर तक रंग बिरंगी बिजली की विशेष सजावट की तैयारी अंतिम दौर में है।



मथुरा से आए दुकानदार बृजवासी आइसक्रीम वालो ने बताया कि वह 40 वर्ष से मेले में अपनी दुकान को लगा कर लोगों को अपनी सेवा दे रहे है। गणेश बाबा के आशीर्वाद से हम लोग हर वर्ष फायदे में जाते है।

**–श्रीराम अरोड़ा, आइसक्रीम दुकानदार।**



बंसी बृजवासी चाट कॉर्नर हम मेले में 15 वर्ष से अपनी चाट की दुकान लगा रहे हैं। गणेश बाबा की कृपा हम पर बनीं रहती है और मेले से फायदा में ही जाते हैं।

**–अशोक कुमार, बृजवासी चार्ट कॉर्नर मेला दुकानदार**



### डीएम एसपी ने पुलिस बल के साथ किया मेला स्थल व कैलाश मानसरोवर झांकी का निरीक्षण

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेला कल से आरंभ होगा। मेले को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार शाम डीएम अंकित खंडेलवाल और एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी पुलिस बल व मेला कमेटी के साथ मेला ग्राउंड पहुंचे। अधिकारियों ने दुकानों और झूलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस बार मेला ग्राउंड का नक्शा तैयार किया गया है, जिससे आपात स्थिति में मेलार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने अधिकारियों को नक्शे की जानकारी दी। इसके बाद टीम गणेश मंदिर के सामने बन रही विशाल झांकी 'कैलाश मानसरोवर' पहुंची। डीएम और एसपी ने झांकी का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी और मेला प्रभारी व कमेटी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शनिवार शाम सभी धर्मों के प्रतिनिधि फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ विवेक जावला समेत मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गणेश मंदिर की भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मंदिर परिसर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या का आयोजन स्व उमा देवी, पत्नी डॉ गिरिराज किशोर गुप्ता (गणेश मंदिर) की पुण्य स्मृति में किया गया। कार्यक्रम से पूर्व भगवान श्री गणेश का विधिवत पूजन उनके पुत्र मनोज गुप्ता, पुत्रवधू योजना गुप्ता एवं पौत्री युक्ति गुप्ता द्वारा किया गया। भजन संध्या में राधा माधव संकीर्तन मण्डल के कलाकारों ने भावपूर्ण संगीत की मधुर धुनों के साथ भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भगवान गणेश की भक्ति में लीन नजर आए। पूरे गणेश मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस अवसर पर महिलाओं में योजना गुप्ता, युक्ति गुप्ता, गीता गुप्ता, वीना गुप्ता, रजनी चौधरी, अंजू गुप्ता, सीमा वार्ष्णेय, संध्या वार्ष्णेय, रुषा सोलंकी, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, प्रतिभा चौधरी, भावना गुप्ता आदि महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में कार्यवाहक मेला मुख्य सचिव ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड० लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश कुमार, शुभम अग्रवाल मौजूद रहे।



चंदौसी के गणेश मंदिर पर भजन संध्या सुनतें श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

▶ राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा किया गया भजन संध्या का आयोजन

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में दो प्रस्ताव को छोड़ सभी हो गए पास

▶ सभासद को बैठने का स्थान नहीं मिलने पर किया बोर्ड बैठक बहिष्कार का ऐलान

▶ 10 मिनट चले हंगामे के बाद वापस बैठक में लौटे सभासद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई जिसमें दो प्रस्ताव को छोड़कर सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास कर दिए गए। जिसमें मुख्य प्रस्ताव रथ यात्रा मार्ग पर कार्य करना शामिल रहा।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक शुरू होते ही सभासद नवकांत शर्मा ने कार्यवाही मिनट बुक में दर्ज करने का मुद्दा उठाया। अनुराग गर्ग ने आउटडोर डोर टू डोर ठेका किए जाने की बात उठाई। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाए जाने पर भी चर्चा हुई। जिस पर जानकारी दी गई कि अभी तक ऐसा कोई सरकारी आदेश नहीं आया है, सरकारी आदेश आते ही लागू किया जाएगा। इसके बाद एजेंट में शामिल बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से रथ यात्रा मार्ग पर सड़क दुरुस्त करने, विभिन्न मैनहोल पर ढक्कन लगाने तथा नगर क्षेत्र व विभिन्न स्थानों पर निकलने वाली गणेश यात्रा मुख्य चौराहे पर हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था आदि प्रस्ताव रखे गए। यह सभी कार्य लगभग 53 लख रुपए की रकम से किए जाएंगे हालांकि बोर्ड ने इसका भुगतान आगामी बोर्ड की बैठक के बाद किए जाने की बात कही। गांधी हॉल निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। कहा गया कि पहले प्रारूप तैयार करें फिर उस पर कार्य। जबकि नगर पालिका के पुराने ऑफिस के स्थान पर बहुमंजिली इमारत बनाए जाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने आपत्ति जताई जिसके चलते यह प्रस्ताव पास नहीं हो सका। इसके अलावा नगरपालिका की दुकान व इमारत किराए, जलनिगम से संबंधित प्रस्ताव पास हो गए। जबकि सभासद तरुण कुमार नीरज ने जलकर गृहकर पर 10 प्रतिशत छूट की सीमा दिसंबर तक करने की मांग की, जो सर्व सम्मति से स्वीकृत हो गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने की व संचालन ईओ सतेंद्र कुमार ने की। जबकि बैठक में सचिन रस्तोगी, अमन कोरी, अनुराग गर्ग, अन्ना खां, शिवकुमार सैनी, बाबूलाल आशा विसरिया समेत अन्य सभासद मौजूद रहे।



चंदौसी मे नगर पालिका बोर्ड की बैठक नोंक झोंक करतें सभासद। –जागरण मोर्चा

### बैठने की व्यवस्था को लेकर सभासदों ने जताया रोष

**चंदौसी।** नगर पालिका में 25 निर्वाचित व पांच मनोनीत सभासद है। इस तरह से कुल 30 सभासद है। मीटिंग हॉल में बैठने की उचित व्यवस्था नहीं थी। देरी से आए सभासदों के लिए कुर्सी लाकर डाली जा रही थी। सभासद अमन कोरी भी बैठक में लेट पहुंचे। बैठने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। इधर-उधर देखते रहे। जिसका सभी सभासदों ने समर्थन किया और बैठक का बहिष्कार करक बाहर चले गए। हालांकि कुछ देर बाद सभी वापस आ गए और फिर बैठक की कार्रवाई शुरू हो गई। इस अवसर पर अधिकांश सभासद मौजूद है।

## फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही, एडीओ को नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विकासखंड बनियाखेड़ा की न्याय पंचायत आटा में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), स्वयं सहायता समूहों के गठन, स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की प्रगति एवं सूचना की समीक्षा की गई। संबंधित द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की अपेक्षित सूचना प्रस्तुत नहीं किए जाने तथा कार्य की पर्याप्त जानकारी न होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर सहायक विकास अधिकारी (एजी) को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए पात्र किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा निर्धारित प्रारूप में सूचना समय से उपलब्ध कराई जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ समूह सखियों द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है। जिन समूह सखियों द्वारा मात्र दो स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया था, उनके कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पंचायत सहायक स्वयं सहायता समूहों के गठन में सक्रिय रूप से सहयोग करेंगे। बैठक में खंड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा, सहायक विकास अधिकारी, ब्लॉक मिशन मैनेजर, ग्राम पंचायत सचिव, समूह सखियां, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं विभिन्न विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



गांव आटा में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोलते अधिकारी।

### दबंग ने उस्तरा लहराया, तमंचे से की फायरिंग

**चंदौसी।** मोहल्ला नखासा में एक दबंग द्वारा खुलेआम उस्तरा लहराने और घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित मोहम्मद फाजिल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 9 सितंबर की शाम 4 बजे मोहल्ला कुरैशियान के कुछ युवक उनके घर में जबरन घुस आए।आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फाजिल की गर्दन पर उस्तरा लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस बीच एक आरोपी ने तमंचे से फायर भी झोंक दिया, जिसमें पीड़ित बाल-बाल बच गया। शोर मचने पर भीड़ जुटी तो आरोपी भाग निकले। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को माँ पूर्णागिरी नवदुर्गा मिलक मंदिर परिसर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान राजकुमार सक्सैना रहे सर्वप्रथम के अनिल शर्मा ने पूजन सम्पन्न कराया। इसके उपरान्त केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना, हनुमान -चालीसा सर्व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। तदोपरान्त अजय सक्सैना व रमेश ग्रेवाल ने सुन्दरकाण्ड की चौपाईयों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया सुन्दरकाण्ड के पश्चात मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को शाक्तमय बनाया भजनों की श्रृंखला में केजी शर्मा ने रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने, वही यह सृष्टि चला रहे हैं। अजय सक्सैना ने मैने सुन्दरकाण्ड कराया हैं, मेरा हनुमान घर आया है आदि भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया आयोजन में राघवेन्द्र मोहन मिश्र, राजकुमार सक्सैना, विनोद मिश्रा, प्रतीक सक्सैना, सुरभि सक्सैना, राजीव शर्मा आलोक दुबे, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वाष्र्णेय, राकेश चौबे, व्रजेश वाष्र्णेय, सुदर्शन,नरेन्द्र सक्सैना,सुशील सक्सैना, गुलशन अरोरा, अरुण सक्सैना, मनोज सिंघल, राकेश गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



चंदौसी मे सुंदर काण्ड का पाठ करतें श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

▶ ट्रस्ट की ओर से मां पूर्णागिरि नवदुर्गा मंदिर में संपन्न हुआ सुंदरकांड

## शानदार प्रदर्शन पर 4 खिलाड़ी सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल स्कूल के खिलाड़ियों ने मेरठ में संपन्न हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था शानदार प्रदर्शन करने वाले चार खिलाड़ियों को विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर ट्रेसा ने पदक देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में मुहम्मद अफ्फान ने 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, पार्थ शर्मा ने 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अभिमन्यु कश्यप ने 27 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा शमून अंसारी ने 45 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इन शानदार उपलब्धियों के बाद मुहम्मद अफ्फान, पार्थ शर्मा, अभिमन्यु कश्यप तीन खिलाड़ियों का चयन हैदराबाद में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय परिवार और चंदौसी के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्या सिस्टर ट्रेसा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल कर सकते हैं। ताइक्वांडो कोच अंकुश राणा ने चारों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है और अब उनका लक्ष्य हैदराबाद नेशनल में बेहतर प्रदर्शन कर चंदौसी और अपने विद्यालय का नाम रोशन करना है।



ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्य।

▶ तीन खिलाड़ियों का हैदराबाद में होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हुआ चयन

### अमान्य विद्यालय बंद कराने पर मुकदमा

**चंदौसी।** जनपद में अमान्य विद्यालयों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत ग्राम आनंदपुर में निरीक्षण के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों को धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई एमएल पटेल की तहरीर पर थाना बहजोई में रिपोर्ट दर्ज हुई। तहरीर के अनुसार 9 सितंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा के साथ टीम ने आनंदपुर में निरीक्षण किया। यहां दो निजी विद्यालय बिना मान्यता संचालित मिले, जिनमें नर्सरी से इंटरमीडिएट तक कक्षाएं चल रही थीं। एक विद्यालय मंदिर की धर्मशाला और दूसरा घर में संचालित था। कार्रवाई के दौरान इन्द्रप्रकाश वाल्मीकि ने विरोध करते हुए अधिकारियों से अभद्रता की। पुलिस ने उपनिरीक्षक महेश बाबू शर्मा को विवेचना सौंपी है।

## पंत जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी एवम उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तथा देश के चौथे गृह मंत्री, भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पन्त की जयंती फब्बारा चौक स्थित गोविन्द बल्लभ पंत उच्च प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुरुष अर्पित करके किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पंत प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी, कुशल राजनेता थे। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए लाठी खाई जिससे उनकी गर्दन हमेशा के लिए टेढ़ी हो गई, उन्हें ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार कर सात बार जेल में डाला। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोविन्द बल्लभ पंत कृषि, प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर स्थापित किया जो कि विश्व स्तर पर स्थान रखता है।

आजादी के बाद संयुक्त प्रांत का नाम उत्तर प्रदेश रखा गया जिसके वह प्रथम मुख्यमंत्री बनाए गए और 1954 तक मुख्यमंत्री रहे। 1955 में देश के चौथे गृहमंत्री बने। आपके कार्यकाल में देश में कई योजनाएं लागू की गई। आपके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए 1957 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से पंत जी को सम्मानित किया गया। उनके नाम पर प्रयागराज, काशीपुर सहित कई स्थानों पर विद्यालय एवम महाविद्यालय हैं साथ ही दिल्ली में जीबी पंत अस्पताल है।

इस अवसर पर आशुतोष गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश अग्रवाल, गेंदन लाल, डॉ जितेन्द्र वर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, आनन्द प्रकाश यादव, अजय कुमार शर्मा, संजीव कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार गुप्ता, कैलाश चन्द्र, कल्लू उपस्थित रहे।



चंदौसी मे गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनातें पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

▶ समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन



## गीता सार

पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥

भावार्थ : पूर्व जन्म के अभ्यास के कारण वह निश्चित रूप से परमात्म-पथ की ओर स्वतः ही आकर्षित हो जाता है, ऐसा जिज्ञासु योगी शास्त्रों के अनुष्ठानों का उल्लंघन करके योग में स्थित हो जाता है।।

## सम्पादकीय

# दिमाग की बत्ती

नीट पेपर लीक के खिलाफ जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी की अगुवाई में हुए प्रदर्शन के बाद राजनीति में जेन-जी शब्द काफी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि देश की राजनीति में युवा वोटर सबसे बड़ा गेमचेंजर बन सकता है, जिसका लिटमस टेस्ट 2027 में उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत सात राज्यों में होने वाले विधानभा चुनाव में हो जाएगा। यही वजह है कि भाजपा हो या विपक्ष, दोनों की नजर अब सिर्फ पारंपरिक वोट बैंक पर नहीं, बल्कि मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया में पली-बढ़ी इस पीढ़ी पर भी है। जेन-जी के लिए सिर्फ जाति, धर्म या पुराने राजनीतिक मुद्दे ही काफी नहीं हैं। नौकरी, पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाएं, महंगाई, डिजिटल दुनिया, एआई, स्टार्टअप और भविष्य के अवसर जैसे मुद्दे उनके लिए ज्यादा मायने रखते हैं। यही कारण है कि राजनीतिक दलों ने युवाओं तक पहुंचने का तरीका भी बदलना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से सोशल मीडिया पर युवाओं से सीधे जुड़ने की कोशिश करते रहे हैं। लेकिन हाल के महीनों में उनका अंदाज और ज्यादा युवा-केंद्रित दिखाई दिया है। जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन से लेकर सोशल मीडिया पर युवाओं के बीच चल रही बहस तक, सरकार और विपक्ष दोनों यह समझ रहे हैं कि नई पीढ़ी की नाराजगी या समर्थन चुनावी नतीजों पर असर डाल सकता है। पीएम मोदी ने युवाओं से जुड़ने के लिए सेल्फी वीडियो और इंस्टाग्राम रील जैसे सोशल मीडिया फॉर्मेट का भी इस्तेमाल किया। इसका मकसद साफ है युवाओं से उसी भाषा और प्लेटफॉर्म पर बात करना, जहां वे सबसे ज्यादा समय बिताते हैं। देश में 18 से 29 साल की उम्र के लोगों की हिस्सेदारी करीब 22.78% बताई गई है। उत्तर प्रदेश में 18-29 साल के लोगों की हिस्सेदारी करीब 21.19% है। गुजरात में यह आंकड़ा करीब 23.32% है। पंजाब में युवा आबादी की हिस्सेदारी करीब 21.44% है। उत्तराखंड में यह करीब 22.18% है। हिमाचल प्रदेश में करीब 21.91% युवा 18-29 साल की उम्र के हैं। मणिपुर में यह आंकड़ा करीब 23.74% है। गोवा में 18-29 साल के लोगों की हिस्सेदारी करीब 19.60% बताई गई है। यानी जिन सात राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां युवा वोटर का हिस्सा इतना बड़ा है कि कोई भी पार्टी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकती। नई पीढ़ी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपनी बात कहने के लिए पारंपरिक राजनीतिक मंच का इंतजार नहीं करती। एक पोस्ट वायरल हुई, कोई मीम ट्रेंड करने लगा या किसी मुद्दे पर हजारों लोग हैशटैग चलाने लगे, तो वह मुद्दा कुछ ही घंटों में राजनीतिक बहस का हिस्सा बन जाता है। नीट और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विवादों में भी छात्रों और युवाओं की ऑनलाइन सक्रियता इसका उदाहरण रही है।




## सम-सामयिक

# सिर्फ नक्शा बदला, दुनिया नहीं



**संजय श्रीवास्तव**

> संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित इस नए नक्शे को दुनिया की 'नई तस्वीर' कहना अतिशयोक्ति होगी। धरती वही रहेगी, सीमाएं और क्षेत्रफल भी। शक्ति-संतुलन भी किसी नक्शे से नहीं बदलता। इससे भले ही हमारी धरती की भौतिक सीमाएं न बदलें, पर इसने निस्संदेह पूरी दुनिया के देखने का नजरिया बदल दिया है। इस फैसले को पश्चिम बनाम अफ्रीका या अमेरिका बनाम संयुक्त राष्ट्र की लड़ाई बनाने के बजाय वैज्ञानिक मानचित्रण और राजनीतिक संवेदनशीलता के संतुलन के रूप में देखना ही सही होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 457 साल पुराने मर्केटर प्रोजेक्शन मैप की जगह 'इक्वल अर्थ कार्टोग्राफिक प्रोजेक्शन' नक्शा अपनाने का प्रस्ताव महज तकनीकी या मानचित्र संबंधी सुधार नहीं बल्कि वैश्विक राजनीति, शक्ति-संतुलन के इतिहास और संज्ञानात्मक न्याय की महागाथा है।



इमेज

पहली नजर में यह भूगोल की किताबों से जुड़ा मामूली सुधार लगेगा, लेकिन इसके पीछे भूगोल, इतिहास, उपनिवेशवाद, वैश्विक और राष्ट्रीय संप्रभुता की कई परतें हैं। 164 देशों का समर्थन, अमेरिका का एकला विरोध और छह देशों का मतदान से विमुखता बताता है कि नक्शा केवल धरती की तस्वीर नहीं होता; वह दुनिया को देखने का एक नजरिया भी बनाता है। टोगो और अफ्रीकी संघ द्वारा लाए गया यह प्रस्ताव बताता है कि 21वीं सदी का ग्लोबल साउथ अब औपनिवेशिक युग के उस नैरेटिव को खारिज करने के लिए एकजुट है, जो सदियों से उसकी भौगोलिक और मानसिक पहचान को छोटा करके आंकता आ रहा था। दुनिया में गलत नक्शों और सीमा विवादों को लेकर टकराव का एक लंबा इतिहास रहा है। भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा, भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा, दक्षिण चीन सागर में चीन की अवैध 'नाइन-डैश लाइन', इजराइल-फिलिस्तीन सीमाएं और क्रीमिया व डोनबास को लेकर रूस-यूक्रेन संघर्ष- ये सभी इस बात के गवाह हैं कि नक्शे पर खींची गई रेखाएं किस तरह युद्ध का कारण बनती हैं। हालांकि संयुक्त राष्ट्र के इस नए नक्शे से न तो किसी देश की भौगोलिक सीमाएं बदल रही हैं और न ही उनका वास्तविक क्षेत्रफल। टोगो के विदेश मंत्री रॉबर्ट डुसी कहते हैं कि मानचित्र कभी तटस्थ नहीं होते। वे शिक्षा का मार्गदर्शन करते हैं, कल्पना को बढ़ावा देते हैं और सामूहिक सोच को प्रभावित करते हैं। यही वजह है कि यह नया नक्शा निरापद होने के बावजूद किंचित वैश्विक असहमति का कारण बना है। अमेरिका नए मानचित्र के प्रस्ताव का अकेला विरोधी है। अमेरिकी प्रतिनिधि यारिना फेरेंसेविच का तर्क है कि संयुक्त राष्ट्र को वैश्विक शांति और सुरक्षा जैसे वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए न कि 16वीं सदी के नक्शे में बदलाव पर समय नष्ट करना चाहिए। अमेरिकी तर्क ठीक है, संयुक्त राष्ट्र के सामने युद्ध, विस्थापन, खाद्य-सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और विकास जैसी विशाल चुनौतियां हैं लेकिन उसका यह काम निरर्थक नहीं है। किसी देश, प्रकाशक या गूगल मैप्स जैसी टेक कंपनी के लिए यह प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी न होने के बावजूद बहस तलब इसलिए है; क्योंकि नक्शे सांस्कृतिक और राजनीतिक शक्ति के प्रतीक होते हैं। यदि संयुक्त राष्ट्र यह पहल न करता, तो औपनिवेशिक विरासत को चुनौती देने वाला कोई अन्य वैश्विक मंच नहीं था। आज की दुनिया में नक्शे केवल दीवारों पर नहीं हैं; वे स्कूलों, समाचार माध्यमों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों, डेटा विजुअलाइजेशन और नीति-निर्माण में हमारी मानसिक दुनिया बनाते हैं। इसलिए अमेरिकी विरोध वैज्ञानिक रूप से क्षेत्रफल की विकृति को नकार नहीं सकता। असल में यह उसकी भू-राजनीतिक वर्चस्व की रक्षात्मक रणनीति का हिस्सा है। उसकी आपत्ति, प्रस्ताव के राजनीतिक और वैचारिक फ्रेम से है। अमेरिका जानता है कि भूगोल का यह दृश्य बदलाव वैश्विक धारणाओं को बदलेगा। जब दुनिया के सामने अफ्रीका का विशालकाय रूप उभरेगा, तो उसकी विशाल संसाधन क्षमता, जनसांख्यिकीय लाभांश और आर्थिक संभावनाओं को कम आंकना नामुमकिन हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया से दूरी बनाने वाले छह देशों- एस्टोनिया, जॉर्जिया, लिथुआनिया, मोल्दोवा, सर्बिया और यूक्रेन की अपनी अलग रणनीतिक मजबूरियां हैं। पूर्वी यूरोप के ये देश वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध और भू-राजनीतिक अस्थिरता के मुहाने पर खड़े हैं। नाटो और यूरोपीय यूनियन की पश्चिमी सुरक्षा छत्रछाया तथा अमेरिका पर उनकी अत्यधिक निर्भरता के कारण वे ऐसे किसी भी प्रस्ताव के पक्ष में खड़े होकर अमेरिका को नाराज करने का जोखिम नहीं उठाना चाहते थे, जिस पर अमेरिकी आका की असहमति हो। इनके लिए समस्या केवल प्रोजेक्शन नहीं, राजनीतिक मानचित्रण है। विशेषकर यूक्रेन ने क्रीमिया और कब्जे वाले क्षेत्रों के चित्रण पर आपत्ति जताई यानी जब भौगोलिक प्रोजेक्शन को राजनीतिक सीमाओं वाले मानचित्र पर चढ़ाया जाता है, तो गणित तुरंत संप्रभुता के सवाल से जुड़ जाता है। इसलिए यह मान लेना चाहिए कि 2018 में बोजन सावित्र, टॉम पैटरसन और बर्नहार्ड जेनी द्वारा विकसित 'इक्वल अर्थ प्रोजेक्शन' नया नक्शा बनाने का कोई निरर्थक प्रयास नहीं बल्कि तकरीबन साढ़े चार सदी बाद एक वैश्विक धारणात्मक सुधार है। सच है कि कोई भी द्वि-आयामी नक्शा त्रि-आयामी गोल पृथ्वी को शत-प्रतिशत सटीक रूप में नहीं ढाल सकता। 1970 के दशक का 'पीटर्स प्रोजेक्शन' हो या 1906 का 'एकर्ट IV' हर मॉडल में आकार, दूरी या क्षेत्रफल में से किसी एक से समझौता करना ही पड़ता है। नौवहन, वायुयान चालन के लिए दिशा-सटीकता हेतु मर्केटर की उपयोगिता हमेशा बनी रहेगी। इक्वल अर्थ मॉडल भी पूर्ण नहीं है। वह क्षेत्रफल को बेहतर दिखाता है, लेकिन आकार, दूरी और दिशा में कुछ विकृतियां रखता है। ऐसे में भविष्य में किसी और मानचित्र सुधार की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। भारत का रुख इसी जटिलता को समझाता है। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में इसलिए मतदान किया; क्योंकि क्षेत्रफल का अधिक संतुलित और वैज्ञानिक प्रतिनिधित्व सिद्धांततः उचित है।



## श्रीरामचरितमानस

जद्यपि जग दारुन दुख नाना।
सब तें कठिन जाति अवमाना॥
समुझि सो सतिहि भयउ अति क्रोधा।
बहु बिधि जननीं कीन्ह प्रबोधा॥

भावार्थ: यद्यपि जगत में अनेक प्रकार के दारुण दुःख हैं, तथापि, जाति अपमान सबसे बढ़कर कठिन है। यह समझकर सतीजी को बड़ा क्रोध हो आया। माता ने उन्हें बहुत प्रकार से समझाया-बुझाया॥

## मानुषी/पैरेंटिंग

# जब बच्चा माता-पिता से संवाद करना बंद कर दे

**नीलम अरोड़ा**



बच्चा जब छोटा होता है तो माता-पिता ही उसकी दुनिया होते हैं। माता-पिता अपने बच्चे की परवरिश में दिन-रात एक करते हैं। अपने बच्चे की पहली मुस्कान, उसका पहला कदम और उसके द्वारा बोला जाने वाला पहला शब्द ही उनकी सबसे बड़ी खुशी होते हैं। माता-पिता होने के बाद वे अपनी खुशियों को भूलकर सिर्फ अपने बच्चे की इच्छा और खुशी को ही महत्व देते हैं। यही बच्चा जब बड़ा हो जाता है, तो वह अपने इर्दगिर्द अपनी एक नई दुनिया बना लेता है। पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा उनसे हर बात साझा करे, लेकिन वही बच्चा अपने माता-पिता के साथ बहुत कम बात करने लगता है। कभी-कभी वह अपनी कोई बात नहीं बताता और धीरे-धीरे रिश्तों में संवाद कम होने लगता है। ऐसे में माता-पिता अपराधबोध में आ जाते हैं कि उनसे ऐसी क्या गलती हुई कि उनका बच्चा उनसे बात नहीं करता। बच्चे और पैरेंट्स के बीच संवादहीनता की कई वजहें हो सकती हैं। 13 से 19 साल के बच्चे मानसिक और भावनात्मक रूप से कई किस्म के बदलावों से गुजरते हैं। वे अपने माता-पिता से कम, बाहर की दुनिया से ज्यादा प्रभावित रहते हैं। इस दौरान वे अपनी पहचान बनाने के लिए निरंतर मानसिक रूप से संघर्षरत रहते हैं। ऐसे में पैरेंट्स को चाहिए कि वे उनकी प्राइवेसी का सम्मान करें। हर बात वह अपने पैरेंट्स को बताए, वे बच्चे से इसकी उम्मीद न करें, वह अपने बच्चे पर अपना विश्वास जताएं। बच्चे की पैरेंट्स के साथ संवादहीनता की यह एक सबसे बड़ी वजह होती है। घर का तनावपूर्ण माहौल उसे पैरेंट्स की तुलना में कई गुना ज्यादा तनावग्रस्त करता है। उसे लगता है कि उसकी समस्याओं का निराकरण कौन करेगा, जब पैरेंट्स खुद ही समस्याग्रस्त हैं। पैरेंट्स को चाहिए कि वे बच्चों के सामने लड़ाई-झगड़ा न करें और घर का वातावरण सकारात्मक बनाकर रखें। आजकल बच्चे अपने पैरेंट्स से संवाद कम करते हैं, अपने दोस्तों के साथ ज्यादा कनेक्टिडड रहते हैं, क्योंकि उन्हें दोस्तों के साथ ज्यादा अपनापन फील होता है। दोस्त चूंकि उनके हमउम्र होते हैं, इसलिए वो उनकी समस्याओं को ज्यादा गहराई से समझ पाते हैं। बच्चों में मोबाइल के प्रति बढ़ती दीवानगी की सबसे बड़ी वजह, परिवार के साथ उसकी सीमित गतिविधियां भी हैं।

## तिथि विशेष

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

हर वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरुकता बढ़ाना और मानसिक संकट से गुजर रहे लोगों को समय पर सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराना है। यह दिन समाज को याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, अकेलापन, पारिवारिक समस्याएं, आर्थिक कठिनाइयां, असफलता और सामाजिक दबाव कई लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे समय में व्यक्ति की बात धैर्यपूर्वक सुनना और उसे अकेला महसूस न होने देना बेहद जरूरी है। परिवार, मित्र, शिक्षक और सहकर्मी संवेदनशील व्यवहार अपनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का संदेश है कि संकट की घड़ी स्थायी नहीं होती और मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का संकेत है। मानसिक परेशानी महसूस होने पर विश्वसनीय व्यक्ति से बातचीत करना और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना उपयोगी हो सकता है। समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुले संवाद और संवेदनशीलता बढ़ाना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विशेष

# आखिर बच्चे अपनी परेशानी बताना क्यों भूल गए?

**डॉ. माजिद अलीम**

> कभी बच्चा स्कूल से लौटकर बैग पटकता था और बिना किसी झिझक के बता देता था कि आज टीचर ने क्या कहा, किस दोस्त से क्यों झगड़ा हुआ या खेल में कौन जीता? आज वही बच्चा अपने कमरे में घंटों चुप बैठा रहता है, मोबाइल की स्क्रीन पर उसकी उंगलियां चलती रहती हैं, लेकिन घरवालों से बातचीत के शब्द कम होते जाते हैं। पूछिये क्या हुआ, तो छोटा सा जवाब मिलता है- 'कुछ नहीं'। पर यह 'कुछ नहीं' हमेशा कुछ नहीं होता, कई बार उसके पीछे परीक्षा का दबाव, कम अंक आने का डर, दोस्ती टूटने का दुख, स्कूल बुलिंग, शरीर और रंगरूप को लेकर असुरक्षा, सोशल मीडिया पर तुलना, साइबर बुलिंग या माता-पिता की अपेक्षाओं पर खड़ा न उतर पाने का अपराबोध छिपा होता है।

इमेज




यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब बच्चा यह मान ले कि उसकी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। 10 सितंबर का विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें इसी अनदेखे संकट की ओर देखने का अवसर देता है। बच्चों और किशारों के संदर्भ में आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर बात करते समय जरूरी है कि हम सनसनी से बचें और उस मानसिक पीड़ा को समझें, जिसमें कोई बच्चा खुद को बेहद अकेला या निराश महसूस कर सकता है। हमने बच्चों की सफलता का पैमाना बहुत छोटा कर दिया है। इसे परीक्षा के अंकों, रैंक, प्रवेश परीक्षा की सफलता, नौकरी और उपलब्धियों से जोड़ दिया है। 95 प्रतिशत आए तो उत्सव, 75 प्रतिशत आए तो मातम। यह अच्छी बात नहीं है। क्योंकि बच्चे की जिंदगी सिर्फ मार्कशीट नहीं है। हालांकि कई बार माता-पिता का इरादा गलत नहीं होता, वो बच्चे के बेहतर भविष्य के लिए मेहनत करने को कहते हैं। लेकिन लगातार तुलना, 'देखो फलां जी का बेटा... या तुम्हारी सहेली तुमसे आगे क्यों निकल गई।' धीरे-धीरे बच्चे के मन में यह बात घर कर जाती हैं, उसकी स्वीकार्यता वास्तव में उसकी उपलब्धियों पर निर्भर है। ऐसे में असफलता केवल एक परीक्षा में कम अंक नहीं रह जाती, वह बच्चे की अपनी पूरी पहचान पर सवाल उठाने लगती है। स्कूल में किसी बच्चे को लगातार चिढ़ाया जाना, उसके शरीर, रंग, कपड़े, भाषा या परिवार को लेकर मजाक उड़ाया जाना, यह मामूली शरारत नहीं है। कई बार यह बच्चे के लिए रोज का मानसिक दबाव बन जाती है। डिजिटल दुनिया ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। पहले स्कूल की छुट्टी के बाद बुलिंग कुछ समय के लिए रुक जाती थी, अब अपमानजनक संदेश, मीम, फोटो या टिप्पणियां बच्चे के मोबाइल तक घर पहुंच सकती हैं और सबसे कठिन बात माता-पिता को अकसर इसका पता तब चलता है, जब बच्चा काफी समय से इसे अकेले झेल रहा होता है। एक और खतरनाक बात हुई है कि सोशल मीडिया ने तमाम समस्याओं चाहे वह तुलना की जाने की हो या बुलिंग की समस्या हो, इन्हें 24 घंटे की समस्या बना दिया है। बच्चा मोबाइल खोलता है तो उसे दूसरे बच्चों की उपलब्धियां डराने लगती हैं। किसी का शानदार बर्ड डे, किसी की सपनीली पिकनिंग, किसी की नई ड्रेस, किसी की परीक्षा में सफलता और किसी के हजारों फॉलोवर्स। बच्चे को यह नहीं दिखाई देता कि सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली जिंदगी वास्तविक जिंदगी का पूरा चित्र नहीं है, वो तो बस इस सबसे अपनी तुलना करने लगता है और सोचने लगता है, सब मुझसे बेहतर है। यही कारण है कि बच्चों के डिजिटल व्यवहार पर निगरानी के साथ-साथ उनसे डिजिटल दुनिया की वास्तविकता पर बातचीत करना भी जरूरी है। सिर्फ यह कहना कि मोबाइल छोड़ दो, पर्याप्त नहीं है। बच्चे को यह समझाना होगा कि ऑनलाइन पॉपुलरटी और वास्तविक सेल्फ वर्क दो भिन्न चीजें हैं। याद रखिए, सबसे खतरनाक संकेत हमेशा नाटकीय नहीं होते। किसी बच्चे के व्यवहार में आए हल्के से बदलाव को भी जांचना चाहिए और अगर यह लगातार बना रहे, तो गंभीर हो जाना चाहिए। अगर वह दोस्तों से दूर रहने लगा हो, पढ़ाई में रुचि न ले रहा हो, उसकी नींद या खाने के व्यवहार में बदलाव दिख रहा हो, लगातार खुद को बेकार या बोझ समझने लगा हो, तो इन सब बातों को केवल उम्र का असर कहकर टालना ठीक नहीं है। ऐसे संकेतों का अर्थ हमेशा आत्महत्या का जोखिम भी नहीं होता, लेकिन ऐसे संकेत यह जरूर बताते हैं कि बच्चे को भावनात्मक सहायता की जरूरत है। ऐसे में माता-पिता को चाहिए कि वह बच्चे को डराएं नहीं। बहुत सीधे और शांत तरीके से पूछें, 'बेटा तुम्हारे दिमाग में क्या चल रहा है, क्या कोई ऐसी बात है जिसे तुम हमसे कहने से डर रहे हो? अगर तुमसे कोई गलती हो गई है, तब भी हम तुम्हारे साथ हैं।' ऐसे वाक्य बच्चे के लिए अपनी बात कह देने की हिम्मत बंधाते हैं। जरूरी नहीं कि मां-बाप बच्चे के हर सवाल को सुनकर उसे तुरंत समाधान सुझाने लगें। मां-बाप को तुरंत भाषण भी नहीं शुरु कर देना चाहिए कि हमने जिंदगी देखी है, तुम्हारी उम्र में हमें भी समस्याएं थीं, कि इतनी छोटी-छोटी बात पर परेशान क्यों हो जाते हो? नहीं, ये तमाम बातें बोलने की जरूरत नहीं है। क्योंकि बच्चे को अपने होने की स्वीकृति चाहिए होती है। इसलिए उसकी बात को ध्यान से सुनें, उसे छोटा मत करें और अगर स्थिति गंभीर लगे, तो मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, स्कूल काउंसलर या अन्य विश्वसनीय पेशेवर की सहायता लें।

## वायरल

# पैकेज्ड फूड पैकेट के पीछे लिखी छह बातें नहीं करें नजरअंदाज



आजकल बाजार में बिस्किट, नमकीन, चिप्स, इंस्टेंट फूड, सॉस और दूसरे कई तरह के पैकेज्ड फूड आसानी से मिल जाते हैं. आकर्षक पैकिंग और बड़े-बड़े हेल्थ क्लेम देखकर हम अक्सर सामान खरीद लेते हैं, लेकिन पैकेट के पीछे लिखी जानकारी को पढ़ना उतना ही जरूरी है। FSSAI के अनुसार फूड लेबल पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाती हैं, जो उपभोक्ता को सही चुनाव करने में मदद करती हैं। सबसे पहले पैकेट पर Ingredients जरूर पढ़ें। इसमें इस्तेमाल की गई सामग्री वजन या मात्रा के हिसाब से घटते क्रम में लिखी जाती है। इससे आपको अंदाजा हो सकता है कि प्रोडक्ट में मुख्य रूप से क्या मौजूद है। इसके बाद नूट्रिशन देखें, इसमें ऊर्जा यानी कैलोरी, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट और अन्य पोषक तत्वों की जानकारी दी जाती है। FSSAI की उपभोक्ता जागरुकता सामग्री में पैकेज्ड फूड खरीदते समय पोषण संबंधी जानकारी देखने और खासकर फैट, शुगर और सोडियम पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। किसी प्रोडक्ट को सिर्फ इसलिए हेल्दी न मानें क्योंकि उसके पैकेट पर 'Healthy', 'Natural' या दूसरे आकर्षक दावे लिखे हैं। कुल शुगर, नमक और फैट की मात्रा भी देखें। FSSAI ने पैकेज्ड फूड की न्यूट्रिशन जानकारी को ज्यादा स्पष्ट तरीके से दिखाने पर भी जोर दिया है। पैकेट खरीदते समय Manufacturing/Packing Date और Expiry/Use By या Best Before जरूर देखें। खासकर जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों में तारीख की जांच करना बेहद जरूरी है। कुछ उत्पादों पर सही स्टोरेज कंडीशन की जानकारी भी दी जाती है। पैकेट पर FSSAI का लोगो और लाइसेंस नंबर, निर्माता या पैकर का नाम और पता जैसी जानकारी भी महत्वपूर्ण होती है।

## X का एक्सरे

यदि अशोक सिद्धार्थ राजनीति से संन्यास लेकर निजी स्वार्थ से ऊपर उठते हैं तो आकाश आनंद के लिए पार्टी में स्वतंत्र रूप से काम करना संभव होगा। ऐसी स्थिति में पार्टी आकाश आनंद को उनकी जिम्मेदारियां वापस देने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सकती है, ताकि वह संगठन में फिर सक्रिय भूमिका निभा सकें।



मायावती

मुश्किल समय में भारत हमेशा सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। मैं भरोसा दिलाता हूं कि हम अपने श्रीलंकाई दोस्तों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। हमारा पक्का मानना है कि सच्चे दोस्त अच्छे और बुरे, हर समय एक-दूसरे का साथ देते हैं। हमारा रिश्ता दिल और आत्मा का है।



राजनाथ सिंह

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैनडाइक और छह यूक्रेनी नागरिकों के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए की धाराएं नहीं लगाई हैं। क्या एजेंसी पर आतंकवाद से जुड़े आरोप हटाने के लिए किसी तरह का 'दबाव' डाला गया था।



जयराम रमेश

कैंपा, एसबीआई लाइफ और चैटजीपीटी के साथ साझेदारी भारतीय क्रिकेट के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी पुष्टि है। इन साझेदारियों के संयुक्त मूल्य में हुई बड़ी वृद्धि विशेष रूप से उत्साहजनक है। यह दर्शाती है कि प्रमुख ब्रांड बीसीसीआई से जुड़ने से मिलने वाली पहुंच पर कितना भरोसा करते हैं।



मिथुन मन्हास

# नीब करौरी बाबा सर्किट से जुड़ेंगे प्रमुख स्थल, पांच टूर पैकेज शुरू

लखनऊ (एजेंसी)। बाबा नीब करौरी के महासमाधि दिवस 11 सितंबर के उपलक्ष्य में पर्यटन विभाग ने उनके जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की पहल की है। इसके तहत 'नीब करौरी बाबा सर्किट' तैयार किया जा रहा है। सर्किट में फर्रुखाबाद स्थित नीब करौरी बाबा आश्रम धाम मंदिर, वृंदावन का समाधि मंदिर, फिरोजाबाद का अकबरपुर गांव और लखनऊ का हनुमान सेतु मंदिर शामिल हैं।



पर्यटकों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने सर्किट के भ्रमण के लिए पांच विशेष टूर पैकेज शुरू किए हैं। दो, तीन और पांच दिन की अवधि वाले इन पैकेजों का संचालन पर्यटकों की मांग के अनुसार दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा। पर्यटन विभाग के अनुसार फर्रुखाबाद स्थित आश्रम में बाबा नीब करौरी द्वारा करीब 12 वर्ष तक भूमिगत गुफा में साधना किए जाने की मान्यता है। वहीं वृंदावन में वर्ष 1973 में उन्होंने महासमाधि ली थी। फिरोजाबाद का अकबरपुर गांव बाबा की जन्मस्थली है। इन स्थलों को जोड़कर विकसित किया जा रहा सर्किट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन का नया केंद्र बन सकता है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले बाबा नीब करौरी से जुड़े स्थलों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान सरकार उनकी विरासत के संरक्षण के साथ इसे व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसी उद्देश्य से पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहा है और संबंधित स्थलों पर पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। अकबरपुर में 10.87 करोड़ रुपये की लागत से बहुद्देशीय सभागार, सांस्कृतिक ब्लॉक, बाबा के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी हाल, कैफेटेरिया, शौचालय, 60 लोगों की डारमेट्री और पत्थर के रास्तों का निर्माण कराया गया है। परियोजना के दूसरे चरण का कार्य दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा 55.44 लाख रुपये की ग्रामीण पर्यटन परियोजना भी स्वीकृत की गई है। फर्रुखाबाद आश्रम के विकास पर 1.51 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन अमृत अभिजात ने बताया कि टूर पैकेज की जानकारी के लिए यूपीएसटीडीसी के हेल्पलाइन नंबर 9149099890 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### पत्रकार पर कार्रवाई प्रतिशोधः हाईकोर्ट

लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सरकारी स्कूल की बदहाल स्थिति उजागर करने वाले पत्रकार अमित यादव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (FIR) पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि स्कूल की कमियां दिखाने के बाद दर्ज की गई यह प्राथमिकी प्रथम दृष्टया प्रतिशोधात्मक कार्रवाई प्रतीत होती है। अदालत ने तीखी टिप्पणी करते हुए इसे 'आईना दिखाने वाले को ही दोषी ठहराने' जैसा बताया। याचिका के अनुसार, लखनऊ के गोसाईगंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शौचालय और पेयजल की बदहाली की रिपोर्टिंग करने के चार दिन बाद पत्रकार पर केस दर्ज किया गया था। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव (बेसिक शिक्षा) को व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का आदेश दिया है, जिसमें स्कूल की वर्तमान स्थिति और तस्वीरें भी शामिल करनी होंगी।

# आर्यन सिंह का सीडीएस में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मेम) के पूर्व छात्र आर्यन सिंह का प्रतिष्ठित सीडीएस (कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज) के माध्यम से ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), चेन्नई के लिए चयन हुआ है। आर्यन ने वर्ष 2021 में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह 24 सितंबर 2026 से ओटीए, चेन्नई में अपना प्रशिक्षण शुरू करेंगे।



आर्यन सिंह। –जागरण मोर्चा

आर्यन की इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ विद्यालय परिवार में भी खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताते हुए विद्यालय प्रबंधिका सुरेंद्र कौर (हैप्पी मैम) एवं प्रधानाचार्य हेम चंद्र पंत ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि आर्यन की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि आर्यन भविष्य में भारतीय रक्षा सेवाओं में देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, करन सिंह बिष्ट, भूपेंद्र सिंह सोन, संजय कुमार, मो. उस्मान बाबर, धीरज गुप्ता, दीपेंद्र गुरंग, दीपक गुम्बर, दिनेश गढ़कोटी, सुमित घोष, विनय नागरकोटी, नवीन चन्द्र, ललित चन्द्र, ललित पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, मीनू सक्सेना, ममता चन्द्र, कौशल्या सिंह, ममता सिंह, अभिषेक भटनागर, कृपाल चन्द्र, मो. जाकिर, मोहित राजपूत, राजू भट्ट, दिनेश चिल्कोटी, राकेश चन्द्र जोशी, दीपा भट्ट, सुमन जोशी, कुसुम शर्मा, गीता धामी, राजकुमारी चन्द्र, जोशिता गिल, कमलेश जोशी, रागिनी मेहता, रोहित कुमार, रमेश ओली, नीमा तिवारी, सुहानी जलहोत्रा, पूर्णिमा, गिरीश जोशी, प्रकाश चन्द्र, जसप्रीत कौर, मंजू रावत, मनदीप कौर, सरिता कुमारी, मोनिका भटनागर और शैलेश पांडे आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने डिग्री कॉलेज में खोली कैंटीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने कैंटीन का संचालन शुरू किया है। सरकार की महिला स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की पहल के तहत महिलाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया गया है। कैंटीन का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर संचालनकर्ता रेनू भंडारी सहित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं। कैंटीन शुरू होने से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को परिसर में ही खान-पान की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। महाविद्यालय प्रशासन ने महिलाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।


महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने डिग्री कॉलेज में खोली कैंटीन। –जागरण मोर्चा

# उल्लास मेले में खटीमा के 3 प्रतिभागियों ने बढ़ाया उत्तराखंड का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिल्ली के बाल भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 'उल्लास मेले' में देशभर की साक्षरता उपलब्धियों, नवाचारों और सांस्कृतिकठ विविधता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस दौरान विभिन्न राज्यों की ओर से टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) के स्टॉल लगाए गए और साक्षरता एवं शिक्षण गतिविधियों से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की गई। राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्तराखंड की ओर से प्रतिभागियों ने उल्लास गीत की शानदार प्रस्तुति देकर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और साक्षरता अभियान की उपलब्धियों को सामने रखा। कार्यक्रम में उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक शाह, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी सहित नागालैंड, सिक्किम और हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्रियों की गरिमामयी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान देश के आठ राज्यों को पूर्ण साक्षर घोषित किया गया, जिसमें उत्तराखंड भी शामिल रहा। उत्तराखंड का पूर्ण साक्षर घोषित होना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में ऊधम सिंह नगर जिले से नवीन पोखरिया (खटीमा), रघुवर भाटिया (खटीमा), कैलाश चंद्र सिंह (खटीमा), जीवन नेगी (रुद्रपुर), नमिता पंत (काशीपुर), मीनाक्षी पाठक (रुद्रपुर) और सुमन दुमका (रुद्रपुर) ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया।


ऊधम सिंह नगर से उल्लास गीत की प्रस्तुति देने वाले सात प्रतिभागी ने राष्ट्रीय स्तर पर किया उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व।

प्रतिभागियों ने 'देश में चमकि ग्यो उत्तराखंड, पूर्ण साक्षर बनी ग्यो उत्तराखंड' शीर्षक उल्लास गीत की प्रस्तुति दी। इस राष्ट्रीय आयोजन में खटीमा के नवीन पोखरिया, रघुवर भाटिया और कैलाश चंद्र सिंह की भागीदारी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय रही। तीनों ने राष्ट्रीय मंच पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए खटीमा का नाम रोशन किया। उल्लास मेले में देश के विभिन्न हिस्सों में साक्षरता के लिए किए जा रहे प्रयासों, नवाचारों और उपलब्धियों को एक मंच पर प्रस्तुत किया गया। टीएलएम स्टॉल, शिक्षण सामग्री और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेले के प्रमुख आकर्षण रहे।

# रामलीला समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। बाबा दरियानाथ आदर्श रामलीला समिति देवरी की वर्ष 2026 की रामलीला के आयोजन को लेकर बुधवार को बाबा दरियानाथ मंदिर परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में निवर्तमान कोषाध्यक्ष पूरन सिंह ज्याला ने समिति के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। समिति के पास एक लाख 18 हजार रुपये की धनराशि के बचत होने की जानकारी दी, जिसे नई कार्यकारिणी को हस्तांतरित करने पर सहमति बनी। सर्वसम्मति से बाबा मंगल दास त्यागी को संरक्षक, जगदीश बिष्ट को अध्यक्ष, राजू बोरा और कैलाश राणा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि चंचल सिंह कन्याल, जीवन सिंह बोरा और दिनेश सिंह राणा को उपाध्यक्ष चुना गया। कुन्दन सिंह मुडेला को सचिव, त्रिभुवन सिंह थिरपोला व मोहन चंद को उपसचिव, पूरन सिंह ज्याला को कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र धानिक व ललित बोरा को उप-कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा हेम चन्द्र भट्ट को प्रबंधक, तन्मय विश्वास को उप-प्रबंधक, महेन्द्र सिंह ज्याला को महामंत्री, धर्मेन्द्र सिंह कुंवर को मंत्री, धीरज गहतोड़ी व बीएस कोटिया को मीडिया प्रभारी तथा मनोज सिंह बसेड़ा को सह-मीडिया प्रभारी का तू सौंपा गया। किशन सिंह कोटिया, भरत सिंह कन्याल, लक्ष्मण सिंह कन्याल, नन्दन सिंह कन्याल, राम सिंह ज्याला, भवानी दत्त गहतोड़ी, दयाकिशन पाण्डेय, उमेद सिंह भंडारी और राम सिंह चुफाल को ऑडिटर बनाया गया। कृष्ण भट्ट को संगीत निर्देशक तथा कुन्दन सिंह मनोला को वक्ता मैनेजर की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने रामलीला महोत्सव 2026 को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और रामलीला के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की गई।


बाबा दरियानाथ आदर्श रामलीला समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

## तीन खिलाड़ियों का जनपद स्तरीय कबड्डी टीम में चयन

खटीमा। सीमांत क्षेत्र स्थित शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान, अशोक फार्म के तीन खिलाड़ियों का जनपद स्तरीय कबड्डी टीम में चयन हुआ है। चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। अंडर-14 वर्ग में कक्षा सात के छात्र हितेश तथा अंडर-19 वर्ग में कक्षा 11 के छात्र रोशन एवं राजीव का चयन किया गया है। तीनों खिलाड़ी टिहरी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन डोबरियाल ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल शिक्षक सतेन्द्र एवं सहायक अध्यापक मोहित ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कॉलेज मार्ग बदहाल, छात्र-छात्राओं को आने-जाने में होती है परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कॉलेज मार्ग की दुर्दशा के चलते आने-जाने में बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न ट्रेडों में चलने वाले इस पॉलिटेक्निक कॉलेज में खटीमा के अलावा अन्य जनपदों के छात्र छात्राएं यहां अध्यनरत हैं। खटीमा सितारगंज मुख्य मार्ग से विद्यालय आने- जाने वाले बच्चों के लिए वमुश्किल सीसी रोड बन सका लेकिन पश्चिम की ओर आशीर्वाद पैलेस के ओर से आने वाले मार्ग का कॉलेज स्थापना अवधि से ही जीणोद्धार नहीं हो सका। इस मार्ग में वाहनों के आने- जाने से नालीनुमा गड्ढे बन चुके हैं। मार्ग के नालीनुमा गडढ़ों में पानी भरने से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आने-जाने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है। विद्यालय के प्राचार्य प्रभु नाथ बताते हैं कि मार्ग निर्माण के लिए कई बार शासन–प्रशासन सहित जन प्रतिनिधियों से मांग की गई है। बारिश के समय छात्र-छात्राओं को आने-जाने में बड़ी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।


जलमग्न मार्ग से आते-जाते छात्र-छात्राएं। –जागरण मोर्चा

▸ राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मार्ग की दुर्दशा

रोष | मध्य प्रदेश के बालाघाट क्षेत्र में आदिवासी समाज के बच्चों का नहीं हो रहा उपचार

# आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारी मध्य प्रदेश सरकार से खफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी समाज के बच्चों की मलेरिया, खसरा, कुपोषण की गंभीर बीमारी से उत्तराखंड के आदिवासियों में खासा आक्रोश है। आदिवासी समाज द्वारा मध्य प्रदेश सरकार पर आदिवासी समाज के प्रति उपेक्षा का आरोप लगाते हुए चेतावनी दिए हैं। कि यदि सरकार आदिवासी समाज के बच्चों का सही उपचार नहीं करती है तो आदिवासी समाज मध्य प्रदेश सरकार के विरोध में जन आंदोलन चलायेगी। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह राणा विधायक नानकमत्ता ने अपनी टीम के साथ जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में आदिवासी समाज के बच्चों का सही उपचार व स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की है। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह राणा विधायक नानकमत्ता ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान को हटाने तथा बीमारी से पीड़ित आदिवासी समाज के बच्चों का उचित इलाज करने की मांग की। ज्ञापन में उचित कार्रवाई नहीं होने पर मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन चलाने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में आदिवासी कांग्रेस उत्तराखंड प्रभारी बंशीलाल मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश, श्री कृष्ण, अमर सिंह, शेर सिंह, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश राणा, मिथुन राणा, आदिवासी कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष राकेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जवाहर राणा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गांवा, सचिव पंचम सिंह, महानगरपालिका अध्यक्ष ममता रानी आदि सम्मिलित थे।


राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते आदिवासी समाज के पदाधिकारी।

# बल्लभ पंत जयंतीः मेधावी और विभूतियां सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती के अवसर पर आज बृहस्पतिवार को राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सोबन सिंह जीना सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कार्यक्रम संयोजक हरीश जोशी एडवोकेट, आईडी कोटिया व गीताराम बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पंडित गोविंद बल्लभ पंत के राष्ट्र निर्माण और देश के विकास में योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संदेशों का वाचन किया गया। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। राणा प्रताप इंटर कॉलेज, हिन्द पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, नोजगे पब्लिक स्कूल, शिक्षा भारती, सिटी कॉन्वेंट, विद्या मंदिर और आचार्य नरेंद्र देव विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान रामायण का कुमाऊंनी भाषा में अनुवाद करने के लिए योगेश बिष्ट को सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मोहन चंद्र उपाध्याय और डॉ. रूप चंद्र शास्त्री को सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा नीट परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले मो. ताबिश, प्रत्यूष पांडेय और आयुष सेतिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरीश शर्मा ने किया। समारोह में नीरज वर्मा, जगदीश पांडेय, विनोद राणा, नंदन सिंह खड़ायत, नीरज कुमार, दिनेश पांडेय, श्याम वीर सिंह, भुवन पांडेय, रामबचन सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जीवन राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्थान और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और योगदान आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।


भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि रमेश जोशी एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

## एक नजर



### खाद्यान्न आढ़ती कल्याण समिति के चुनाव मे विजयपाल बने अध्यक्ष

**पीलीभीत।** आज नवीन मण्डी स्थल स्थित खाद्यान्न आढ़ती कल्याण समिति रजि के द्विवार्षिक निर्वाचन 26–28 मे विजयपाल पच्चीस वी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए उन्हें रवि गंगवार को पराजित करते हुए 25वीं बार जीत हासिल करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। ज्ञात रहे सुधीर पाल सिंह को निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। वही शेर सिंह और आशीष अग्रवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद पर शुभम् अग्रवाल और संगठन मंत्री पद पर नितिन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, कोषाध्यक्ष पद मयंकराज सिंह को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। विजयपाल सिंह के अध्यक्ष घोषित होते ही मंडी में उत्साह देखा गया तथा लोगों ने विजयपाल सिंह को अध्यक्ष बनने की बधाई दी।

# सपा की मासिक बैठक में की गई संगठन की समीक्षा

## बूथ मजबूत करने और शिक्षक एमएलसी चुनाव की रणनीति पर मंथन एवं पार्टी में शामिल हुए सदस्यों का किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कैंप कार्यालय, केजीएन कॉलोनी स्थित नकटदाना चौराहा पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने की तथा संचालन विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अली ने किया। बैठक में जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। सेक्टर, जोन एवं बूथ प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। फ्रंटल संगठनों को सक्रिय करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों का प्रभावी संचार प्लान तैयार करने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




रत्नेश का हुआ स्वागत। –जागरण मोर्चा

जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि 27 के विधानसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी का संगठन बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ तैयार किया जा रहा है।प्रत्येक बूथ पर लगभग चार सौ सक्रिय सदस्य बनाने के अभियान को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत कार्यकर्ता हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ तक जिम्मेदारी के साथ सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि पीडीए पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक की आवाज को गांव-गांव और बूथ बूथ तक पहुंचाने के लिए पार्टी के कार्यक्रमों को सेक्टर एवं जोन स्तर पर प्रभावी ढंग से आयो जित किया जाएगा। संगठन को मजबूत करके ही 27 में समाजवादी पार्टी को निर्णायक जीत की ओर ले जाया जाएगा। बैठक में आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भी विशेष रणनीति बनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिक्षक मतदाताओं से व्यापक जनसंपर्क करें तथा पात्र शिक्षकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए अभियान चलाएं। पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में शिक्षकों से संपर्क कर चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की अपील करने के निर्देश दिए गए। पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत आगामी चुनाव में पार्टी की ताकत बनेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज हमेशा से लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी की जीत के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ शिक्षकों के बीच पहुंचें और पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को जनता तक पहुंचाएं उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के बल पर 27 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। मासिक बैठक के दौरान हाल ही में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए डॉ. रत्नेश गंगवार का जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया पदा धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए समाजवादी पार्टी परिवार में शामिल होने पर शुभकामनाएं दीं। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, चारों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष, सेक्टर एवं जोन प्रभारी, बूथ प्रभारी तथा विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।.जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत करें और 27 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पूरी ऊर्जा के साथ जनता के बीच पहुंचें।

## संक्षेप समाचार

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, पूरनपुर पुलिस ने भेजा जेल



हत्या में उकसाने का आरोपी गिरफ्तार। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज पूरनपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव मिश्रा के निर्देशों में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस टीम ने आरोपी सटीक खाँ पुत्र वजीर खाँ, निवासी मोहल्ला खानका वार्ड 13 को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सात सितंबर को वादी आमिर खाँ पुत्र कल्लन खाँ, निवासी मोहल्ला खानका ने थाना पूरनपुर में तहरीर दी थी। आरोप था कि आरोपी सटीक खाँ ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर लाठी डंडों से वादी के भाई सराफत पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उप–निरीक्षक मंजीत कुमार, आशीष कुमार मिश्रा और कुलदीप सिंह शामिल रहे।

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वीकेंड पर घूमना हुआ महंगा, अब इतने का लगेगा टिकट

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वीकेंड पर घूमना महंगा हुआ। अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व जाने वाले सैलानियों को शनिवार और रविवार को घूमने के लिए टिकट पर ज्यादा रुपए चुकाने पड़ेंगे। यूपी में पर्यटकों को पीलीभीत टाइगर रिजर्व में घूमने के लिए अब ज्यादा रुपए देने पड़ेंगे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अब सैलानियों को सप्ताह के अंत में यानी शनिवार और रविवार को घूमना महंगा पड़ेगा। अभी तक शनिवार और रविवार को 150 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट का देना होता था और अब इसे बढ़ाकर 200 रुपये प्रति व्यक्ति कर दिया है। अन्य दिनों में पहले की ही तरह 120 रुपये का टिकट लेना होगा। वहीं विदेशी सैलानियों को अब 800 रुपये की बजाए 1000 रुपये देने होंगे। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन के शासी निकाय की बैठक में फाउंडेशन के कार्यों की समीक्षा के साथ पर्यटन सत्र 2026–27 की इन प्रस्तावित दरों और विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दे दी गई। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए 1.96 करोड़ का बजट मंजूर कर दिया गया है। बैठक में ईको टूरिज्म को विकसित करने पर सर्वाधिक जोर दिया गया। साथ ही नए पर्यटन सत्र को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। प्रमुख सचिव वन, प्रधान मुख्य संरक्षक समेत नामित कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी अहम मुद्दों पर अपने तर्क रखे। बैठक में वन मंत्री ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व व उसके आसपास के क्षेत्रों में मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मानव–वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित ग्रामीणों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के साथ ही सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है। बाघ संरक्षण फाउंडेशन से होने वाले कार्यों की योजनाओं को रखा गया। जंगल में पर्यावरण के सरंक्षण से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक के लिए कई स्तर पर चर्चा की गई। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों को पर्यावरण मित्र की सुविधाएं अधिक से अधिक दी जाएंगी। यही नहीं पर्यटन के विस्तार के साथ वन व वन्यजीव संरक्षण के मानकों को सख्ती से लागू किया जाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव, वन वी. हेकाली झिमोमी ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व फाउंडेशन की आय के साधन बढ़ाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है।

# सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज गांधी सभागार मे सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न। बैठक मे केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की हुई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, बाढ़ खण्ड, विद्युत विभाग, जल जीवन मिशन, वन विभाग, पशुपालन विभाग, पूर्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग आदि विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा की, प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष बनाये गये आयुष्मान कार्डों की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाऐं जाने हेतु पाच दिवस के भीतर कार्ययोजना बनाकर दें, साथ ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को आयुष्मान कार्ड की प्रगति के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए।बाढ़ एवं कटान से बचाव के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल ग्यारह परियोजनाऐं अनुमोदित हुई थी जिनके कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराये गये हैं। उप मुख्य चिकित्सा धिकारी द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पशु टीकाकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में विद्युत विभाग के अन्तर्गत समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि जनपद में 119 गांव चिन्हित हुए हैं जिसमें शीघ्र ही विद्युतीकरण कराया जायेगा। एक ही क्षेत्र में लम्बे समय से कार्यरत लाइनमैन की समीक्षा करने के निर्देश दिए तथा उन्हें दूसरे क्षेत्र में स्थानान्तरित करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत बिल व अन्य शिकायतों का संज्ञान लेकर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों को शीघ्र दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें।



सांसद जितिन प्रसाद ने सुनी जन समस्याएं। –जागरण मोर्चा

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि जनपद के 655 गांव जल जीवन मिशन से आच्छादित हो गये हैं। सांसद ने प्रत्येक विधानसभा से पॉच गांव की जॉच कराने के निर्देश दिए, साथ ही जन प्रतिनिधियों द्वारा पानी की टंकी का उद्घाटन कराये जाने एवं अन्य समस्त कार्य प्रोटोकाल के अनुसार कराये जाने के निर्देश दिये।

डीएफओ पीटीआर द्वारा जंगल में कुल कराई गई तार फेसिंग के बारे में अवगत कराया गया। सांसद द्वारा वन्य जीव मानव संघर्ष न हो, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर तक खंडजा निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये।निराश्रित गोवंशों को गौशाला भिजवाने, गौशाला निर्माण आदि के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिये गए, ताकि सम्बन्धित अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुये कार्य को प्रभावी ढ़ंग से पूर्ण कर सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बच्चों की यूनीफार्म वितरण एवं स्मार्ट क्लास की जानकारी प्राप्त की। धान खरीद के लिए जनपद में बनाए गए क्रय केन्द्रों की जानकारी प्राप्त करते हुये जनप्रतिनिधियों को लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनप्रनिधियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार को आश्स्त करते हुये कहा कि दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

बैठक में जिला पंचायत प्रशासक डॉ. दलजीत कौर, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ टाइगर रिजर्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, डीसी मनरेगा, उप कृषि निदेशक, जिला पंचायतराज अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मानसिक रोग विभाग ने प्रस्तुत किया प्रभावशाली साइको पर एक ड्रामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के मानसिक रोग विभाग द्वारा आत्महत्या की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली साइको पर एक ड्रामा प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से आत्महत्या के विचार उत्पन्न होने की विभिन्न परिस्थितियों को संवेदनशील, प्रभावी एवं वास्तविक जीवन से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया गया। साइको ड्रामा में चार प्रमुख परिस्थितियों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया-प्रेम संबंध में असफलता एवं अलगाव के बाद उत्पन्न आत्म हत्या के विचार, शराब की लत एवं उससे जुड़े आत्मघाती विचार, समलैंगिकता से संबंधित मान सिक एवं सामाजिक तनाव तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के दबाव से उत्पन्न मानसिक तनाव एवं आत्महत्या के विचार। प्रत्येक परिस्थिति के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया गया कि मानसिक संकट के समय व्यक्ति के व्यवहार में आने वाले बदलावों को पहचानना और समय पर सहायता उपलब्ध कराना कितना महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार ने कहा कि मानसिक तनाव या आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे व्यक्ति को अपनी समस्या के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। परिवार के सदस्यों को ऐसे व्यक्ति की बात संवेदनशीलता और धैर्य से सुननी चाहिए तथा उसे दोष देने या उसकी समस्या की उपेक्षा करने के बजाय भावनात्मक सहयोग और समय पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं में परीक्षा तथा जीवन से जुड़े तनाव को समझना और उन्हें उचित परामर्श एवं सहयोग देना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह ने अपने शायराना अंदाज में लोगों को अकेलेपन से बाहर आने तथा एक दूसरे से संवाद बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को अकेला महसूस न होने देना उसकी बात सुनना और उसके साथ समय बिताना मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने परिवार एवं समाज से अपील की कि मानसिक परेशानी से गुजर रहे लोगों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। उप प्रधानाचार्य डॉ. अरुण सिंह ने कहा कि आत्महत्या के विचारों को छिपाने या नजरअंदाज करने के बजाय उनके बारे में खुलकर बात करना आवश्यक है। परिवार, शिक्षक, मित्र और स्वास्थ्यकर्मी यदि समय रहते चेतावनी संकेतों को पहचानकर व्यक्ति को उचित सहायता से जोड़ें, तो कई बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागाध्यक्ष मानसिक रोग विभाग डॉ. प्रियंका भटनागर ने कहा कि आत्महत्या का विचार अक्सर व्यक्ति के जीवन में उत्पन्न गंभीर मानसिक एवं भावनात्मक संकट का संकेत होता है। ऐसे व्यक्ति को अकेला छोड़ने या उसकी समस्या को छोटा समझने के बजाय उसकी बात ध्यानपूर्वक सुनना और बिना किसी पूर्वाग्रह के सहायता प्रदान करना जरूरी है। समय पर मनोचिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार से आत्महत्या के जोखिम को कम किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को लेकर व्याप्त झिझक एवं कलंक को कम करना तथा लोगों को समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित करना है। साइको ड्रामा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आत्महत्या के विचार मानसिक संकट का संकेत हो सकते हैं और ऐसे समय में व्यक्ति को अकेला छोड़ना उचित नहीं है। सहानुभूतिपूर्ण संवाद, भावनात्मक सहयोग, परिवार का साथ तथा समय पर मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ की सहायता आत्महत्या की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अमित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.पी. सिंह, उप प्रधानाचार्य डॉ. अरुण सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन डॉ. हुमा खान, विभागाध्यक्ष मानसिक रोग विभाग डॉ. प्रियंका भटनागर तथा जूनियर रेजिडेंट डॉ. रविंद्र गंगवार सहित चिकित्सक, इंटर्न चिकित्सक, स्टाफ नर्स, कर्मचारियों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं आमजन उपस्थित रहे।साइको ड्रामा में इंटर्न चिकित्सकों ने विभिन्न भूमिकाओं का प्रभावी निर्वहन किया। डॉ. प्रणव सिंह ने तांत्रिक, डॉ. भूपेश ने चिकित्सक, डॉ. काव्या गंगवार ने मनोवैज्ञानिक, डॉ. इति वर्मा ने पढ़ाई के दबाव से जूझ रही छात्रा, डॉ. तौफीक अंसारी ने पिता, डॉ. भर आलम ने समलैंगिक व्यक्ति, डॉ. मरियम जहरा ने उनकी बहन, डॉ. आशुतोष चैहान ने ब्रेकअप से प्रभावित युवक, डॉ. आकृति वर्मा ने युवती, डॉ. वासी ने फर्जी चिकित्सक तथा डॉ. शिवांशु सिंह ने शराब की लत से प्रभावित मित्र की भूमिका निभाई।कार्यक्रम के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि आत्महत्या की रोकथाम में समय पर पहचान, संवेदनशील संवाद, अकेलेपन को दूर करने का प्रयास, पारिवारिक एवं सामाजिक सहयोग तथा विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक समय पर पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण है। "बात करें, सुनें और साथ दें-एक संवेदनशील कदम किसी की जिंदगी बचा सकता है।"



नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन। –जागरण मोर्चा

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने तालिब के चहरे की लौटाई मुस्कान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बच्चे की गंभीर स्वास्थ्य समस्या की पहचान कर उसे समय से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय पहल की।

ब्लॉक ललौरीखेड़ा की आर.बी.एस.के टीम-ए द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान तालिब उम्र तीन वर्ष पिटा का इशहाक निवासी ग्राम-अबूडांडी ब्लॉक - ललौरीखेड़ा आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान बच्चा क्लेफ्ट लिप की गंभीर बीमारी से ग्रसित पाया गया। टीम ने परिजनों को बीमारी की जानकारी दी तथा सरकारी योजना के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क उपचार के बारे में विस्तार से बताया।



लौटी मुस्कान। –जागरण मोर्चा

आरबीएसके टीम-ए. से डॉ. वी.दी. पाण्डेय, डॉ इमरान अंसारी, लोकेश कुमारफार्मासिस्ट सरिता कुमारी स्टाफ नर्स शामिल रहे। टीम के प्रयास से बच्चे को उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र सिप्स सुपर स्पेस्लिस्ट हॉस्पिटल लखनऊ संदर्भित किया गया जहां उसकी सफलतापूर्वक निशुल्क सुर्जरी कराई गयी। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग एवं टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजना के माध्यम से उनके बच्चे को समय पर उपचार मिल सका। आरबीएसके कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों तक जांच रेफरल और निःशुल्क उपचार की सुविधा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सी.एम.ओ. डॉ. बी.सी. पंथ के मार्गदर्शन तथा डीईआईसी मैनेजर मोहम्मद मो जुबैर के समन्वय से बच्ची को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों में जन्मजात रोगों की समय पर पहचान कर निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे न केबल बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को भी उम्मीद मिल रही है। जन्म जात बीमारी से ग्रसित बच्चों के निःशुल्क उपचार हेतु डी.ई.सी. प्रबंधक मो जुबैर से 7536844761 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# सुसरालियों ने घर में घुसकर की मारपीट और पथराव, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** माधोटांडा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और पथराव का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। कलीनगर निवासी हरिओम ने बताया कि उनकी शादी नौ साल पहले बीसलपुर के गांव चंद्रपुरा निवासी अनुरिता के साथ हुई है। दोनों के बीच विवाद चल रहा है। पत्नी अपने मायके में रहती है। हरिओम का आरोप है कि छह सितंबर को उनके ससुराल लोग कई गाडियों से कलीनगर पहुंचे,आरोप है कि ससुरालियों ने घर की सर्वे की बात कहकर दरबाजा खुलवाया। दरबाजा खुलते ही सभी घर में घुस आए और हरिओम व परिजनो के साथ मारपीट करना शुरु दिया। बचाने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की,आरोप है कि पथराव किया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग घर के आसपास मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान पथराव किए जाने की भी बात सामने आ रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। पुलिस ने हरिओम की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पत्नी अनुरिता, अभिषेक, राकेश, सुमन व शैली सहित छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियॉ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के दैनिक जीवन से लेकर उनकी आर्थिक आय बढ़ोत्तरी में सहायक है मधु मक्खियों से शहद उत्पादन के साथ साथ फसलों में पर-परागण से पौधों की जीवितता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है तथा पर्यावरण संतुलन में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि के साथ साथ अन्य ऐसे अनुपूरक व्यवसाय अपनाये जाने की आवश्यकता है, जिसमें कम भूमि एवं कम पूंजी की जरूरत हो। मधुमक्खी पालन को अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में अपनाकर कम पूंजी व कम समय में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। उद्यान विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैज्ञानिक ढंग से मौनपालन किये जाने हेतु औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, व बस्ती, एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर, तक तीन माह (90 दिवसीय के प्रशिक्षण सत्र का आरम्भ हो रहा है। यह प्रशिक्षण विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में प्ररूष एवं महिलायें सभी वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है, इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपने निकटतम सुविधा अनुसार संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान, प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर दिनांकः 16.सितम्बर तक आवेदन कर मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। आवेदन-पत्र के साथ दो सभ्रांत व्यक्तियों या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र आवश्यक है।



मधुमक्खी पालन। –जागरण मोर्चा

## कार से टकराकर ई-रिक्शा पलटा, चार लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे ग्राम पौटा व मजार के बीच आगे चल रही कार से टकराकर ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक ने किसी कार्य के चलते अचानक वाहन रोक दिया। पीछे से तेज गति से आ रहा ई-रिक्शा चालक नियंत्रण नहीं रख सका और कार में जा घुसा। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने ई-रिक्शा सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र


दुर्घटना में घायल। -जागरण मोर्चा

बरखेड़ा ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल रफीक अहमद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं आफरीन (16), रोजी (5) और मुस्तकीम (4) का उपचार सीएचसी में चल रहा है। सभी घायल ग्राम पौटा कलां के निवासी बताए गए हैं। सूचना पर जिरोनिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार व ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

## किन्नरों ने की बिजली विभाग की फ़ज़ीहत बिना नोटिस काटे कनेक्शन काटने पर रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** कस्बे में बिजली विभाग की तानाशाही और मनमाने रवैये से उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि विद्युत निगम के कर्मचारी बकाया वसूली के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के धड़ाधड़ कनेक्शन काट रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग की टीम को उस समय भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जब उन्होंने किन्नर समाज के घर का कनेक्शन काट दिया। किन्नर समाज का कनेक्शन कटते ही मामला तूल पकड़ गया। घटना से नाराज किन्नर समाज के दर्जनों लोग एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए और बिजली विभाग की इस कार्रवाई के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन और हंगामा शुरू कर दिया।


बिजली विभाग के खिलाफ गुस्सा जताते किन्नर। -जागरण मोर्चा

पीड़ितों और स्थानीय निवासी मोहम्मद साबिर खान एडवोकेट का कहना है कि विभाग को नियमानुसार पहले चेतावनी या नोटिस जारी करना चाहिए था। बिना किसी सूचना के अचानक बिजली काट देने से घरों में अंधेरा छा गया है और दैनिक कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गया है।

वहीं किन्नर समाज के आक्रामक रुख और जोरदार हंगामे को देखकर विभागीय कर्मचारियों के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी बिजली विभाग की इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि विभाग केवल छोटे उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है, जबकि बड़े बकाएदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली विभाग ने अपना रवैया नहीं सुधारा और नियम विरुद्ध कनेक्शन काटना बंद नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## संक्षेप समाचार

### तेज रफ्तार टेंपो पलटा, दंपति घायल

**पूरनपुर।** भगवंतापुर निवासी मोहम्मद आसिन अपनी पत्नी गुलफान के साथ अपने ससुर की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए टेंपो से शाहजहांपुर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि टेंपो में अन्य सवारियां भी बैठी हुई थीं।लुकटिहाई के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। अचानक हुए हादसे से टेंपो में सवार यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। हादसे में भगवंतपुर निवासी मोहम्मद आसिन घायल हो गए, जबकि टेंपो में सवार अन्य को भी मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### सुसरालियों ने घर में घुसकर की मारपीट और पथराव, पुलिस ने पांच नामजद व छह अज्ञात पर दर्ज किया केस

**पूरनपुर।** माधोटांडा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और पथराव का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। कलीनगर निवासी हरिओम ने बताया कि उनकी शादी नौ साल पहले बीसलपुर के गांव चंद्रपुरा निवासी अनुरिता के साथ हुई है। दोनों के बीच विवाद चल रहा है। पत्नी अपने मायके में रहती है। हरिओम का आरोप है कि छह सितंबर को उनके ससुराल लोग कई गाडियों से कलीनगर पहुंचे,आरोप है कि ससुरालियों ने घर की सर्वे की बात कहकर दरबाजा खुलवाया। दरबाजा खुलते ही सभी घर में घुस आए और हरिओम व परिजनो के साथ मारपीट करना शुरु दिया। बचाने आए अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की,आरोप है कि पथराव किया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग घर के आसपास मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान पथराव किए जाने की भी बात सामने आ रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। पुलिस ने हरिओम की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पत्नी अनुरिता, अभिषेक,राकेश, सुमन व शैली सहित छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई है।

### बरखेड़ा में 16 सितंबर से सजेगा 138वां ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला


मेला कमेटी के लोग। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** बरखेड़ा नगर के नवनिर्मित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला कमेटी कार्यालय में गुरुवार को मेला कमेटी की अहम बैठक आयोजित हुई। इसमें मेले के भव्य आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार करने के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मेला अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय ने बताया कि बरखेड़ा का ऐतिहासिक 138वां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला 16 सितंबर से शुरू होकर 27 सितंबर तक चलेगा। मेले का मुख्य आकर्षण वृंदावन से आए रंगमंच कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रासलीला होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय नाटक, कृष्णलीला और विराट दंगल का भी आयोजन किया जाएगा।क्षेत्र के गरीब परिवारों को ध्यान में रखते हुए कमेटी ने बड़े झूलों और मैजिक शो आदि के टिकटों की दर घटाकर मात्र 30 रुपये करने का निर्णय लिया है। इससे हर वर्ग के लोग मेले का आनंद उठा सकेंगे।बैठक के बाद कमेटी सदस्यों ने बाजार मैदान पहुंचकर रासलीला मंचन के लिए बनाए जाने वाले मंच का भूमि पूजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पीतम राम भोजवाल ने की। इस अवसर पर मेला कमेटी अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, महामंत्री कैलाश मौर्य, मनोज सक्सेना, भीमसेन भारती, रामस्नेही यादव, जितेंद्र सैनी, मर्फी सक्सेना, श्याम सक्सेना, राधेश्याम भोजवाल, लक्ष्मीकांत भोजवाल और सुम्मेर लाल भोजवाल सहित कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण का प्रयास, ग्राम प्रधान समेत चार गिरफ्तार

**बरखेड़ा।** क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर बिना अनुमति अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस और प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात विक्रमपुर गांव में कुछ लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर नींव के लिए गड्ढे खोदकर पिलर बनाने का काम शुरू किया गया था। बुधवार सुबह मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों में तनाव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों ने आपसी स्तर पर मामले को सुलझाने और आम सहमति बनाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया। लेखपाल कृष्ण कुमार की शिकायत पर पुलिस ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज किया।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों प्रधान मो. फारूक, शोहरत, मो. शाकिर और इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रशासन की ओर से मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## युवाओं को आगे बढने का अवसर मिलेगा तथा 12 जनवरी को नई दिल्ली में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रायल, भारत सरकार के मेरा युवा भारती द्वारा युवाओं को राष्ट निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने एवं उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार एवं अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

प्रेस कॉन्फेंस में जिला युवा अधिकारी द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को वीबीवाईएलडी कार्यक्रम के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं युवाओं की सहभागिता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें


माय भारत की बैठक संपन्न। -जागरण मोर्चा

विकसित भारत के निर्माण में सक्रिया भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर बताया गया कि युवा माय भारत पोर्टल के मापध्यम से वीबीवाईएलडी में सहभागिता कर सकते हैं। युवाओं को कार्यक्रम से जोडने के लिए जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों एनवाईवीएस के माध्यम से विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न युवा समूहों तक पहुंच बनाइ्र जा रही है। प्रेस वार्ता में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में वीबीवाईएलडी में भाग लेने की अपील की गई। यह भी बताया गया कि कार्यक्रम की आगामी प्रक्रिया में चयनित युवाओं को आगे बढने का अवसर मिलेगा तथा 12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में प्रधानमंत्री के साथ संवाद का अवसर प्राप्त करने की दिशा में प्रतिभागी आगे बढ़ेगे।

जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया वीबीवाईएलडी में सहभागिता की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर है। उन्होंने जनपद के सभी पात्र युवाओं से निर्धारित तिथि से पूर्व माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। प्रेस वार्ता के माध्यम से जनपद के युवाओं तक कार्यक्रम की जानकारी पहुचाने एवं व्यापक जन जागरूकता उत्पन्न करने पर विशेष बल दिया गया।

## दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने का आरोप

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दहेज के लिए एक महिला को परेशान करने के आरोप में पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर के नारायणपुर ज0 पूरनपुर निवासी नमनदीप कौर ने बताया कि उनकी शादी चार दिसंबर 2025 को पलविंदर सिंह के साथ सिख रीति-रिवाज से हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी हैशियत के तहत दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी से पहले पलविंदर कनाडा में रहता था। शादी तय होने के दौरान पति और उसके परिवार ने भरोसा दिलाया था कि वह शादी के बाद कनाडा वापस नहीं जायेगा और भारत में रहकर उसके साथ शादीशुदा जिंदगी बितायेगा। महिला का आरोप है कि शादी में उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के हिसाब से करीब 15 लाख रुपये नकद, सोने के गहने, घरेलू सामान और कार समेत काफी दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा 20 लाख नकद और टॉप मॉडल कार की अतिरिक्त मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

## मेले में परोसा गया अश्लील डांस खूब लगे ठुमके, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर में जन्माष्टमी मेले के दौरान हुए डांस पार्टी पर पुलिस की कार्रवाई को फिर चर्चा में ला दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जहां स्टेज पर नर्तकियों के डांस और मौजूद लोगों द्वारा नोट उड़ाते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। वहीं पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे में स्टेज पर लड़कों को लड़कियों के वस्त्र पहनाकर अश्लील गानों पर नृत्य कराने का उल्लेख किया गया है। इसी को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वायरल वीडियो और एफआईआर में दर्ज तथ्यों में अंतर को लेकर चर्चा तेज है। धर्मापुर में चार सितंबर से जन्माष्टमी मेले का आयोजन


स्टेज पर हो रहा अश्लील डांस। -जागरण मोर्चा

किया जा रहा है,जो नौ सितंबर तक प्रस्तावित था। आरोप है कि आठ सितंबर की रात मेले में स्टेज लगाकर नृत्य कार्यक्रम कराया गया। स्टेज पर नर्तकियों ने अश्लील गानों पर डांस किया और मौजूद भीड़ ने नोट उड़ाए। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कार्यक्रम के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक जागरूक व्यक्ति ने एक्स के माध्यम से उच्चाधिकारियों से शिकायत की,शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में कोतवाली के दरोगा सुरेश कुमार सोनकर की ओर से प्रधान पति एवं मेला प्रबंधक अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले को अश्लील प्रदर्शन की श्रेणी में दर्ज किया है। ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## ग्राम लालपुर में भाकियू टिकैत का सदस्यता अभियान, दर्जनों ग्रामीण संगठन से जुड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तत्वावधान में ग्राम लालपुर में सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण करते हुए किसानों के हितों की लड़ाई में एकजुट होकर सहयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।बैठक में किसानों की समस्याओं, संगठन की मजबूती और किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की नीतियों एवं विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित ग्रामीणों ने "जय जवान, जय किसान" के संकल्प


किसान यूनियन में मिली सदस्यता। -जागरण मोर्चा

के साथ किसान हितों के लिए संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहने का निर्णय लिया।कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह, तहसील कलीनगर उपाध्यक्ष जमुना प्रसाद एवं बबलू सहित संगठन के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त एवं शामिल हुए कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का आह्वान किया।

**बैठक** नगर पंचायत बंदरों को पकड़ने का खर्च उठाने को तैयार, सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने डीएफओ व जिलाधिकारी को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

## मझोला में बंदरों के आतंक का मुद्दा दिशा बैठक में उठा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में आज मझोला नगर क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त बंदरों के आतंक का गंभीर मुद्दा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के समक्ष प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में नगर पंचायत मझोला के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि मझोला नगर में पिछले लगभग तीन वर्षों से बंदरों के आतंक के कारण आम नागरिकों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंदरों के झुंड आए



दिन घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं। इनके कारण दुर्घटना एवं चोट लगने की आशंका भी बनी रहती है। अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में पिछले तीन वर्षों से लगातार वन विभाग को पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। वन विभाग की ओर से न तो कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त हुआ और न ही बंदरों को पकड़ने के लिए आवश्यक सहमति प्रदान की गई।उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया कि नगर पंचायत मझोला इस समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह गंभीर है और बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई पर आने वाले आवश्यक खर्च को वहन करने के लिए भी तैयार है। नगर पंचायत की ओर से केवल वन विभाग से आवश्यक अनुमति, तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा है, ताकि नियमानुसार बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जा सके और नगरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं डीएफओ को निर्देशित किया कि वे मामले को प्राथमिकता से लेकर आवश्यक कार्रवाई करें तथा मझोला नगर में बंदरों के आतंक की समस्या का व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

निशांत प्रताप सिंह ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मझोला नगरवासियों की सुरक्षा एवं सुविधा नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

## बिलसंडा में गणेश महोत्सव होगा 14 से शुरू, 23 सितंबर को खन्नौत नदी में होगी मूर्ति विसर्जित

**बिलसंडा।** गणेश चतुर्थी पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस बार भी नगर के देवुस्थान मंदिर पर भगवान गणेश की विशालकाय प्रतिमा स्थापित होगी। जबकि मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा 23 सितंबर को बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी। भगवान गणपति बप्पा की विशाल प्रतिमा के अलावा इसी दिन घरों में भी लोग भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना करेंगे। यह मूर्तियां भी 23 सितंबर को ही शोभायात्रा के साथ ही विसर्जित की जाएगी। उधर 9 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में भजन कीर्तन आरती एवं सायँ चार बजे से रात्रि आठ बजे तक प्रतिदिन श्री रामकथा का रसपान भी कथावाचक अविचल महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।

## बढ़ती बेरोजगारी पर समस्या और समाधान पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के तहत बढ़ती बेरोजगारी की समस्या और समाधान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अर्निका दीक्षित के नेतृत्व में किया गया।जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने बेरोजगारी के कारणों, उसके सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों तथा रोजगार सृजन के विभिन्न उपायों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किये।प्रतिभागियों ने कौशल विकास,स्वरोजगार,शिक्षा में व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।प्रतियोगिता में छात्रों ने बेरोजगारी को देश के


प्रतियोगिता में मौजूद छात्र–छात्राएं। -जागरण मोर्चा

विकास में बड़ी बाधा बताते हुए समाधान के सुझाव दिये।प्रतियोगिता में लक्ष्य गुप्ता ने प्रथम, वंशिका सिंह चौहान ने द्वितीय तथा प्रीति गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि बेरोजगारी केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक चुनौती भी है।युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप शिक्षा के साथ-साथ कौशल एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा यदि शिक्षा, कौशल और स्वरोजगार के अवसरों का सही उपयोग करें तो बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के ज्ञान,अभिव्यक्ति क्षमता और सामाजिक जागरूकता के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## दलीप ट्रॉफी 2026: ईशान किशन की अगुआई में ईस्ट जोन की टीम बनी चैंपियन



एजेंसी न्यूज

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी 2026 में ईशान किशन की ईस्ट जोन टीम ने इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। चेन्नई के चेपॉक में खेले गए फाइनल में ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम ने पहली पारी में मिली 372 रन की बढ़त के आधार पर ट्रॉफी जीत ली। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए थे, जिसके जवाब में साउथ जोन की टीम 336 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद ईस्ट जोन ने दूसरी पारी में 388/7 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ पर पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन की टीम चैंपियन बन गई। ईस्ट जोन ने पिछली बार 2012-13 में दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। यानी टीम को दोबारा चैंपियन बनने के लिए 13 साल का इंतजार करना पड़ा। यह ईस्ट जोन का कुल तीसरा दलीप ट्रॉफी खिताब है। इस बार और 2012-13 से पहले टीम ने 2011-12 में भी खिताब जीता था। यानी लगातार तब दो खिताब जीते थे। उन दोनों सीजन में टीम के कप्तान नटराज बेहेरा रहे थे। ईशान ईस्ट जोन को ट्रॉफी दिलाने वाले दूसरे कप्तान हैं। ईशान किशन को उनकी 270 रन और 80 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। वहीं, साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ईस्ट जोन की इस खिताबी जीत के सबसे बड़े नायक कप्तान ईशान किशन रहे। उन्होंने फाइनल में बल्ले से ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने मुकाबले की तस्वीर ही बदल दी। पहली पारी में ईशान ने 334 गेंदों पर 270 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में 30 चौके और सात छक्के शामिल रहे। वह दलीप ट्रॉफी फाइनल में दोहरा शतक लगाने वाले केवल सातवें बल्लेबाज बने।

ईशान यहीं नहीं रुके। दूसरी पारी में भी उन्होंने 98 गेंदों पर 80 रन बनाए। इस तरह फाइनल में उनके बल्ले से कुल 350 रन निकले। पहली पारी में 270 रन बनाने के दौरान ईशान करीब 522 मिनट तक क्रीज पर रहे और 250 रन पूरा करने के बाद ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे। हालांकि, वह दोबारा मैदान पर लौटे और 270 रन बनाकर ही पवेलियन गए।

ईशान के 270 और कुमार कुशाग्र के 101 रन की बदौलत ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह दलीप ट्रॉफी फाइनल के इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा टीम स्कोर रहा। साउथ जोन के लिए कप्तान तिलक वर्मा ने 99 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन पूरी टीम 336 रन पर सिमट गई। इस तरह ईस्ट जोन को पहली पारी में 372 रन की बड़ी बढ़त हासिल हुई।

दूसरी पारी में भी ईस्ट जोन ने बल्लेबाजी जारी रखी और 388/7 पर पारी घोषित कर दी। इस दौरान ईस्ट जोन की कुल बढ़त 760 रन तक पहुंच गई। साउथ जोन के सामने मैच जीतने के लिए असंभव सा लक्ष्य था और पहली पारी में मिली बढ़त के कारण ईस्ट जोन का खिताब पहले ही तय हो चुका था।

# पहले टी20 मैच को लेकर स्थिति स्पष्ट: दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की अपील पर क्या बोला डीडीसीए?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में पहला टी20 मुकाबला खेला जाना है। हालांकि, इस मैच पर संकट के बादल छा गए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) से अपील की है कि वह इस मुकाबले को रिशेड्यूल करे। अब इस पर डीडीसीए की ओर से भी प्रतिक्रिया आई है। डीडीसीए ने स्पष्ट किया है कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। मालूम हो कि भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज के सभी मुकाबले दिल्ली में ही होने हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज के तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टी20 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर और तीसरा मुकाबला 17 सितंबर को होगा। यानी भारत और अफगानिस्तान के बीच पूरी टी20 सीरीज पांच दिनों के भीतर पूरी होनी है। पहले टी20 में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है, लेकिन इससे पहले ही इस मुकाबले पर संकट के बाद छा गए हैं।



दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। इसके लिए राजधानी में कई वीवीआईपी मेहमान आएंगे। यही कारण है कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने डीडीसीए ने पहला टी20 रिशेड्यूल करने का आग्रह किया है। भारत और अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर को ही अरुण जेटली स्टेडियम में पहला टी20 होना है। डीडीसीए ने हालांकि, कहा है कि ये उनका इवेंट नहीं है और अगर तारीफ में कोई बदलाव किया जाता है तो वह इस बारे में सूचित करेंगे।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की अपील पर डीडीसीए ने जवाब दिया है। डीडीसीए ने ट्रैफिक पुलिस को आश्वस्त किया है कि मैच में दिक्कत नहीं आएगी। डीडीसीए ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत-अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाला पहला टी20 मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक के बाद डीडीसीए को सभी जरूरी मदद और इंतजामों का भरोसा दिलाया गया है। मैच स्थगित नहीं होगा।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। ब्रिक्स-2026 के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने कुछ हवाई गतिविधियों पर रोक लगाई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 10 सितंबर, 2026 से प्रभावी होकर 14 सितंबर, 2026 तक लागू रहेगा। ब्रिक्स सम्मेलन में 11 सदस्य देशों और साझेदार देशों के नेता व वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं। इसे देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा, यातायात, होटल, एयरपोर्ट और विदेशी नेताओं की आवाजाही को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। सम्मेलन की सुरक्षा के लिए करीब 30 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

# क्या विश्व कप में खेलेंगे रोहित शर्मा?: पूर्व कप्तान ने तोड़ी चुप्पी, वेस्टइंडीज सीरीज के लिए तैयारी शुरू की

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाते रहे हैं। इस बारे में चर्चा अधिक है कि रोहित अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में हिस्सा ले पाएंगे या नहीं। अब खुद रोहित ने इस सवाल पर चुप्पी तोड़ी है। रोहित का कहना है कि अक्तूबर 2027 अभी काफी दूर है। मालूम हो कि रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे में ही भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

वनडे विश्व कप 2027 का आयोजन दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होना है। रोहित मुंबई में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। वहां उनसे पूछे गया कि क्या वह वनडे विश्व कप का हिस्सा होंगे? इस पर उन्होंने कहा, 'अक्तूबर 2027 अभी दूर है और इस बारे में हम तब देखेंगे।'



रोहित से यह भी पूछा गया कि अगर भारत खिताब जीतता है तो क्या 2024 की तरह खुली बस में विजय परेड निकलेगी? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब बस में विजय परेड निकालना संभव है।

रोहित के भविष्य को लेकर हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने भी स्पष्ट किया था। सैकिया ने कहा था कि रोहित के भविष्य को लेकर कयास नहीं लगाए जाने चाहिए। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में शतक लगाया था। सैकिया ने हाल ही में बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद कहा था, रोहित सभी मैचों में अच्छा खेल रहे हैं तो आप उनसे और क्या चाहते हैं? पिछले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 138 रन बनाए तो कयास क्यों लगाए जा रहे हैं? मैं ऐसे कयास लगाने वालों को ज्यादा सुर्खियां नहीं देना चाहता।

## फिर महंगा होगा तेल: इंडोनेशिया में घटेगा पाम ऑयल उत्पादन

## भारत में खाद्य तेलों की कीमतों पर बढ़ेगा दवाब

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** इंडोनेशियाई पाम ऑयल एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि भीषण अल-नीनो और सूखे के चलते देश के क्रूड पाम तेल (सीपीओ) उत्पादन में 50 लाख टन तक की भारी गिरावट आ सकती है। इसका असर अगले साल की शुरूआत से ही वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर साफ दिखने लगेगा।



इंडोनेशिया में एक तरफ मौसम की मार से फसल पर खतरा है, तो दूसरी तरफ राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के नेतृत्व में सरकार डीजल आयात घटाने के लिए पाम-आधारित बायोडीजल की ब्लेंडिंग 40 फीसदी (बी40) से बढ़ाकर 50 फीसदी (बी50) करने जा रही है। इंडोनेशियाई पाम ऑयल एसोसिएशन (गैपकी) के चेयरमैन एडी माटोनी के अनुसार, देश में कुल 5.3 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान है। लेकिन बी50 नीति लागू होने से अकेले बायोडीजल के लिए 1.63 से 1.70 करोड़ टन पाम तेल की खपत घरेलू स्तर पर ही हो जाएगी। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में जाने वाले निर्यात मात्रा में भारी कटौती होगी। यानी वैश्विक बाजार के लिए पाम तेल की उपलब्धता तेजी से घटेगी।

भारत अपनी खाद्य तेल जरूरतों का लगभग 55 से 60 फीसदी हिस्सा आयात करता है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा (सालाना करीब 90-100 लाख टन) पाम तेल का होता है। भारत अपनी पाम तेल की जरूरतें मुख्य रूप से दो ही देशों, इंडोनेशिया और मलेशिया, से पूरी करता है।

यदि इंडोनेशिया में निर्यात घटता है और साथ ही दूसरे बड़े उत्पादक मलेशिया में भी अल-नीनो के कारण फसल कमजोर होती है, तो भारत पर इसका असर गंभीर होगा।

पाम तेल दुनिया का सबसे सस्ता खाद्य तेल है और यह बाकी सभी खाद्य तेलों (सोयाबीन, सरसों, सूरजमुखी) के लिए प्राइस एंकर का काम करता है। जब पाम तेल महंगा होता है, तो मांग तुरंत सोयाबीन और घरेलू सरसों तेल की तरफ शिफ्ट होती है। नतीजतन, भारतीय मंडियों में सरसों और रिफाइंड तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

सरकार ने कहा है, देश में फिलहाल खाद्य तेल की उपलब्धता को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। बाजार में करीब 14-15 लाख टन खाद्य तेल का स्टॉक उपलब्ध है, जो करीब डेढ़ महीने की घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त है। इसके साथ ही सितंबर से सोयाबीन और मूंगफली की नई फसल की आवक शुरू होने की उम्मीद है। इससे घरेलू बाजार में खाद्य तेल की उपलब्धता बढ़ने और आयात पर दबाव कम होने की संभावना है।




# 11 सितंबर को बैंक हड़ताल: ब्रिक्स समिट के बीच चार दिन ठप रहेंगी बैंकिंग सेवाएं

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** 11 सितंबर को बैंक यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सेवाएं प्रभावित होंगी। पांच-दिवसीय बैंकिंग और अन्य मांगों को लेकर यह हड़ताल बुलाई गई है, जिससे ग्राहकों को चार दिनों तक परेशानी हो सकती है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

देश की राजधानी में हो रहे ब्रिक्स समिट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 11 सितंबर को बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। इसके बाद भी इसका असर दिख सकता है। बैंक संघों ने पांच-दिवसीय बैंकिंग और अन्य लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस हड़ताल के कारण देश के कई हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं लगातार चार दिनों तक बाधित रह सकती हैं। 11 सितंबर शुक्रवार है, जिसके बाद अगले दो दिन बैंक अवकाश रहेंगे।

कुछ राज्यों में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के कारण भी अवकाश रहेगा। अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल के संभावित प्रभाव के बारे में सूचित किया है। एसबीआई ने ग्राहकों को परामर्श दिया है कि बैंक ने सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। हालांकि, हड़ताल के कारण बैंक के काम पर असर पड़ने की संभावना है।

बैंक कर्मचारी और अधिकारी संघों के निकाय यूएफबीयू ने यह हड़ताल बुलाई है। उनकी मुख्य मांग पांच-दिवसीय बैंकिंग को लागू करना है। यह मुद्दा लंबे समय से लंबित है और सरकार ने इस पर कोई प्रतिबद्धता नहीं दी है। मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष हुई सुलह बैठकों में भी कोई समाधान नहीं निकला। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन (एआईबीओसी) के महासचिव रूपम रॉय ने कहा कि सरकार और प्रबंधन की कार्रवाइयों के कारण संघों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हड़ताल के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नकद निकासी और जमा जैसी सेवाएं प्रभावित होंगी। चूंकि 11 सितंबर शुक्रवार है और उसके बाद दो दिन बैंक अवकाश हैं, इसलिए कई जगहों पर लगातार चार दिनों तक बैंकिंग कामकाज ठप रह सकता है। इससे ग्राहकों को वित्तीय लेनदेन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।







# सर्राफा बाजार: खुदरा खरीद से सोने ने तीन दिन की गिरावट तोड़ी, चांदी भी चमकी; कच्चे तेल में उछाल

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोने के दाम तीन दिन की गिरावट के बाद 600 रुपये उछले, जबकि चांदी 1,200 रुपये बढ़ी। खुदरा खरीदारों और स्टॉक रखने वालों की नई मांग से कीमतों में तेजी आई। निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। आइए सर्राफा बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानते हैं।



देश की राजधानी में सोने के दाम तीन दिन की गिरावट का सिलसिला समाप्त कर उछले। गुरुवार को खुदरा खरीदारों और स्टॉक रखने वालों की नई खरीद से सोना 600 रुपये बढ़कर 1,58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला पीला धातु पिछले सत्र में 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी ने भी लगातार तीसरे सत्र में अपनी तेजी जारी रखी। यह 1,200 रुपये बढ़कर 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बुधवार को यह 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह जानकारी ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन ने दी है। बाजार के प्रतिभागी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। ये आंकड़े शुक्रवार को जारी होने वाले हैं। इनसे फेडरल रिजर्व के सितंबर नीतिगत निर्णय पर संकेत मिलेंगे।

ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोने और चांदी में तेजी आ रही है। बाजार के प्रतिभागी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। ये आंकड़े फेडरल रिजर्व के सितंबर नीतिगत निर्णय के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। खुदरा खरीदारों और स्टॉक रखने वालों की नई खरीद से भी कीमतों को समर्थन मिला।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।